हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, शनिवार, 6 सितंबर 2025



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 6 सितंबर 2025



ITSA HOSPITALS

HEALTHCARE.
HOSPITALITY.
HARMONY.

350-Bedded State-of-Art Hospital

Multispecialty Wing

Pediatric Wing

Wellness Wing

Your Well-Being is Our Priority.






# गेंहू-चना बीज के निर्धारित मूल्य से ज्यादा वसूले पैसे किसानों को लौटाए गए

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तिल्दा क्षेत्र में किसानों को निर्धारित से अधिक मूल्य पर बेचा गया गेंहू एवं चना बीज का मामला उजागर होने के बाद क्षेत्र के सभी कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपने खिलाफ कार्रवाई होने के डर से किसानों से वसूली गई अंतर की राशि उन्हें लौटा दी है। राशि लौटाने के साथ वे किसानों से पैसे मिल गए, इसकी पावती भी ले रहे हैं, ताकि जांच अधिकारी को सबूत के तौर पर इसे सौंप सकें। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## लगभग सात सौ किसानों से प्रति बोरी बीज में ढाई सौ रुपए से अधिक वसूली गई थी राशि

### 700 किसानों से वसूल की गई थी अतिरिक्त राशि

विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि तिल्दा क्षेत्र में रबी 2024 और खरीफ 2025 सीजन में गेंहू और चना बीज वितरण में लगभग सात सौ किसानों से ढाई लाख रुपए से अधिक राशि वसूल की गई थी। इस तरह विस्तार अधिकारियों ने किसानों को प्रति बोरी गेंहू बीज में 268 रुपए तथा चना बीज बोरी में 290 रुपए अतिरिक्त रुपए लेकर बेचा था। किसानों ने यह अतिरिक्त राशि ऑनलाइन के साथ नकद रुपए देकर चुकाया था। गेंहू एवं चना बीज के अलावा कृषि विस्तार अधिकारियों ने जिंग सल्फेट के विक्रय में भी किसानों से प्रति किलोग्राम में 42 रुपए की जगह 50 रुपए वसूला है। जिंग सल्फेट करीब दो-ढाई सौ किसानों को बेचा गया है। इस तरह 8 रुपए अतिरिक्त कीमत पर जिंग सल्फेट किसानों को बेचा है। इस मामले की जांच अभी जारी है।



### अधिकारी ने कहा- किसानों को लौटा दिए पैसे

इस मामले में फंसे अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि भूलवश किसानों से गेंहू-चना बीज वितरण के दौरान जो अंतर की राशि ली गई थी, उसे लौटा दिया गया है। इस मामले में विभागीय जांच चल रही है।

### जांच जारी है

हमारी प्राथमिकता में था कि पहले किसानों को अंतर की राशि लौटाई जाए। किसानों को अंतर की राशि मिल गई है। इस मामले में साबित हुआ है कि अधिक कीमत पर बीज बेचा गया है। इस मामले में जो अधिकारी जांच कर रहे हैं, उनके द्वारा कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

\- **सतीश अवस्थी,** जिला कृषि अधिकारी रायपुर

---

### चालान में पांच आरोपी, वीरेंद्र, रोहित तोमर के नाम नहीं

# सूदखोर तोमर परिवार के खिलाफ कोर्ट में पेश चार्जशीट में 51 गवाहों के बयान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सूदखोरी तथा एक्सटार्सन मामले में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने गुरुवार को तोमर परिवार तथा उनके गुर्गों के खिलाफ कोर्ट में 22 सौ पन्नों का चालान पेश कर दिया है। चालान में रोहित, वीरेंद्र का नाम नहीं है। कोर्ट ने दोनों भाइयों के खिलाफ जांच जारी रखने पुलिस को अनुमति प्रदान की है। दोनों भाइयों की गिरफ्तारी होने पर या नहीं होने की स्थिति में पुलिस दोनों भाइयों के खिलाफ कोर्ट में अलग से पूरक चालान पेश करेगी।

कोर्ट में जो चालान पेश किया गया है, उसमें वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी शुभ्रा, भावना तोमर के साथ भतीजा दिव्यांश सिंह, बंटी सहारे, जीतेंद्र तोमर को आरोपी बनाया गया है। कोर्ट में जो चालान पेश किया गया है, उसमें डेढ़ दर्जन पीड़ित सहित 51 लोगों के बयान दर्ज हैं। कोर्ट में पेश चालान में एक्सटार्सन के साथ मारपीट के आरोप हैं। पीड़ितों ने पुलिस के समक्ष जो साक्ष्य पेश किए हैं और पुलिस ने जो दस्तावेज जब्त किया है, उन सभी दस्तावेजों को चालान की कॉपी में शामिल किया गया है।

**रोहित, वीरेंद्र के खिलाफ जांच जारी रखने कोर्ट ने दी अनुमति**



### एक माह में ही सात एफआईआर

रोहित तोमर के खिलाफ जून में तेलीबांधा थाना में पहली एफआइआर मारपीट की दर्ज हुई है। प्रापर्टी डीलर दसमीत चावला ने रोहित के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके बाद पुरानी बस्ती इलाके में छह मामले दर्ज किए गए हैं। इस साल एक माह के भीतर पुलिस ने दोनों पर सात मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने तोमर भाइयों के घर से 35 लाख कैश, 70 तोला सोना, 125 ग्राम चांदी जब्त की है।

### उपस्थित नहीं होने पर संपत्ति कुर्क

बीएनएस के नए कानून के तहत आरोपी के फरार होने की स्थिति में कोर्ट की अनुमति से आरोपियों के खिलाफ जांच के साथ उनके खिलाफ चालान पेश किया जा सकता है। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद आरोपियों की अनुपस्थिति में सजा देने का प्रावधन है। सजा सुनाए जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में कोर्ट आरोपियों की संपत्ति कुर्क कर नीलाम करने आदेश दे सकती है।

## एनएचएम कर्मियों की हड़ताल, सामूहिक इस्तीफे के बाद आंदोलन और उग्र करने की तैयारी

**रायपुर।** शासन द्वारा 25 कर्मचारियों को निकालने के जवाब में सामूहिक इस्तीफा देने वाले एनएचएम के कर्मचारी अपना आंदोलन उग्र करने की तैयारी में हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि नियमितीकरण का मामला केंद्र नहीं राज्य सरकार है। कर्मचारी 18 अगस्त से काम बंदकर हड़ताल पर बैठे हैं, जिसका विपरीत असर स्वास्थ्य सेवा पर हो रहा है। छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार कर्मचारी कामबंद धरने पर बैठे हुए हैं, जिसकी वजह से स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं का सिस्टम चरमराया हुआ है। शासन उनकी हड़ताल को अवैध घोषित कर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारियों के साथ 25 लोगों को बर्खास्त कर चुका है। इस एक्शन के विरोध में कर्मचारियों ने गुरुवार को राजधानी में जमकर हंगामा किया और सामूहिक इस्तीफा दिया था। शुक्रवार को अवकाश के दिन भी उनका आंदोलन जारी रहा। एनएचएम के कर्मचारी अपना आंदोलन और तेज करने के मूड में हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का कहना है, उनकी मुख्य मांग का निराकरण केंद्र सरकार की अनुमति से होगा, जबकि स्वास्थ्य राज्य का मामला है। ऐसे में इसमें पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की बनती है । जिन अन्य पांच मांगों पर शासन द्वारा सहमति की बात कही गई है।

# नक्सल उन्मूलन को लेकर चार राज्यों के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय इंटेलिजेंस की राजधानी में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देश में नक्सली उन्मूलन को लेकर नवा रायपुर स्थित मेफेयर होटल में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा तथा तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक, एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़े अफसर तथा केंद्रीय गृह तथा खुफिया विभाग के अफसरों की एक गोपनीय बैठक हुई। बैठक में मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्त करने को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया।

- बैठक के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसर राज्य के डीजीपी, एडीजी नक्सल ऑपरेशन जगदलपुर रवाना

नक्सल उन्मूलन को लेकर आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानांद सिन्हा, अमित कुमार मध्यप्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक शामिल हुए। इसके अलावा बैठक में आईबी के डायरेक्टर तपन देव डेका, ज्वाइंट डायरक्टर विक्रम ठाकुर शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक नक्सलियों पर अब फाइनल स्ट्राइक की तैयारी की जा रही है। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्सेस का अंतिम वार होगा, जिससे जंगलों में छिपे नक्सलियों के सफाया करने का लक्ष्य निर्धारित करने अंतिम रूप देने विचार किया गया।

### खुफिया जानकारी आदन-प्रदान करेंगे

बैठक में चारों राज्यों के पुलिस अफसर तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसर नक्सलियों के खिलाफ फोर्स के ऑपरेशन को लेकर गंभीर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी राज्य आपस में खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान बेहतर तरीके से करें। ताकि एक राज्य से भाग कर दूसरे राज्य में छिपने वाले नक्सलियों की जानकारी स्थानीय फोर्स को मिल सके और नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया जा सके।

### हाल के दिनों में नक्सली ऑपरेशन की चर्चा

बैठक में छत्तसगढ़ में हाल के दिनों में चलाए गए नक्सली ऑपरेशन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही मारे गए नक्सलियों की प्रोफाइल के बारे में अफसरों को जानकारी दी गई। बैठक में नक्सलियों के टूट रहे नेटवर्क तथा उन्हें किन लोगों द्वारा मदद की जा रही है, इसे लेकर बैठक में चर्चा की गई। केंद्र से आए अफसरों ने छत्तीसगढ़ में नक्सली उन्मूलन को लेकर चलाए गए ऑपरेशन को लेकर संतुष्टि व्यक्त की।

### स्थानीय लोगों का विश्वास जीतने की बात पर जोर

अपने खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से नक्सली बौखला गए हैं। इसलिए नक्सली ग्रामीणों को निशाना बना सकते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए बैठक में शामिल पुलिस अफसरों के साथ केंद्रीय अफसरों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात जवानों को पहले से ज्यादा सतर्क करने की बात पर जोर दिए। इसके साथ ही पुलिस तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसरों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों के विश्वास हासिल करने की बात पर जोर दिए।

### बैठक के बाद अफसर जगदलपुर रवाना

चारों राज्यों की पुलिस अफसरों के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय तथा खुफिया विभाग के अफसरों की बैठक शाम चार बजे के करीब समाप्त हुई। बैठक समाप्त होने के बाद अफसरों को दंतेवाड़ा-नरायणपुर सीमा में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की जानकारी मिली। मुठभेड़ के बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम, एंटी नक्सल ऑपरेशन विवेकनांद सिन्हा तथा आईबी के डिप्टी डायरेक्टर विक्रम ठाकुर जगदलपुर के लिए रवाना हो गए।

# नर्सिंग कालेजों में प्रवेश के लिए मिलेंगे सिर्फ15 दिन

**रायपुर।** प्रदेश के नर्सिंग कालेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के पास केवल 15 दिन का वक्त होगा। माना जा रहा है कि दो दिन के अवकाश के बाद आयुष विश्वविद्यालय द्वारा इन कालेजों की संबद्धता सूची जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिंल ने विभिन्न पाठ्यक्रम के लिए 138 कालेजों को मान्यता दी है। इसमें बीएससी की 60 सीट वाला नया कालेज शामिल है।

- सीजी एनआरसी ने दी 138 कालेजों को मान्यता, बीएससी की 60 नई सीटें

जानकारी के अनुसार इस बार पुराने नर्सिंग कालेजों की सीटों की संख्या में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। केवल बीएससी नर्सिंग की 60 सीट बढ़ने की संभावना है। इसके लिए रायपुर के निजी कालेज को सीजी एनआरसी द्वारा मान्यता दी गई है। इस सूची के आधार पर आयुष विश्वविद्यालय संबद्धता प्रदान करेगा। जानकार सूत्रों का कहना है कि आयुष विवि की संबद्धता सूची सोम-मंगलवार को जारी होने की संभावना है। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग शासकीय एवं निजी नर्सिंग कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करेगा। सूत्रों के अनुसार आईएनसी द्वारा नर्सिंग एडमिशन के लिए 30 सितंबर अंतिम तारीख निर्धारित किया गया है।

### 40-50 परसेंटाइल का नियम

भारतीय नर्सिंग काउंसिल द्वारा बीएससी नर्सिंग में एडमिशन के न्यूनतम योग्यता सामान्य वर्ग के लिए 50 तथा आरक्षित वर्ग के लिए 40 परसेंटाइल तय किया गया है। व्यापमं द्वारा आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा में लगभग 16 हजार प्रवेश प्रक्रिया के लिए पात्र हैं। सीटों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा शुरू से ही प्रवेश प्रक्रिया 15 परसेंटाइल से प्रारंभ किए जाने की मांग उठ रही है।

# दिव्यांग छात्रों को मिलेगा बोर्ड परीक्षा में ज्यादा समय बैठने की पृथक सुविधा, लेकिन पंजीयन अनिवार्य

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पंजीकरण कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। सीबीएसई के हालिया नोटिस के मुताबिक, सीडब्ल्यूएसएन छात्रों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू होने वाली है।

- छात्रों की आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए स्कूलों से लिया जाएगा विवरण

सीबीएसई ने सीडब्ल्यूएसएन छात्रों के लिए पंजीकरण की समयसीमा 22 सितंबर रात 11:59 बजे तक निर्धारित की है। स्कूलों को इस अवधि के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी ताकि छात्रों को समय पर सभी आवश्यक परीक्षा सुविधाएं मिल सकें। इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता वाले छात्र आवश्यक सुविधाओं का लाभ उठा सकें और आसानी से परीक्षा दे सकें। छग सहित देशभर के संबंद्ध स्कूलों को इन छात्रों को एक सीमित समय सीमा के भीतर परीक्षा संगम पोर्टल पर पंजीकृत करने का कार्य सौंपा गया है। सही दस्तावेजों और उम्मीदवारों की सूची में उचित अंकन के साथ, छात्रों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाएं प्राप्त होंगी।

### अपलोड करने होंगे विकलांगता प्रमाणपत्र

सीडब्ल्यूएसएन सुविधाओं के लिए पंजीकरण और लाभ उठाने के लिए संबद्ध स्कूलों को सर्वप्रथम पंजीकरण के दौरान उम्मीदवारों की सूची में पात्र छात्रों की पहचान करके उन्हें चिन्हित करना होगा। पात्रता के प्रमाण के रूप में आवश्यक चिकित्सा या विकलांगता प्रमाण पत्र अपलोड करने होंगे। स्कूलों को प्रत्येक छात्र की विकलांगता श्रेणी के अनुरूप परीक्षा सुविधाएं चुननी होंगी।

## दो माह में अवैध रेत के 110 से अधिक प्रकरण दर्ज, इनमें अनुमति लेने वाले भी शामिल, कार्रवाई नाम भर की

**रायपुर।** रेत के अवैध भंडारण पर खनिज विभाग खानापूर्ति कार्रवाई कर रहा है, जिसके कारण जिले में माफिया जहां अवैध रूप से जगह-जगह भंडारण कर रहे हैं, वहीं अनुमति लेकर भंडारण करने वाले भी कई लोग निर्धारित घन मीटर से कई गुना अधिक रेत भंडारण कर रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है कि ऐसा करने वाले लोगों के विरुद्ध विभाग सिर्फ पेनाल्टी लगाकर खानापूर्ति कार्रवाई करता है, जबकि अवैध भंडारण की गई रेत में कई घन मीटर वे बेच चुके होते हैं। इधर जो अवैध रूप से रेत जब्त की जा रही है, उसे भी गांव के सरपंच के जिम्मे छोड़ दिया जा रहा है, जो कुछ हफ्तों में ही गायब हो जाती है। इसके बाद विभाग की टीम जब्त की गई रेत अपनी जगह पर है या नहीं, इसे देखने तक नहीं जाते। इस रेत के गायब होने की अगर कोई शिकायत करता भी है, तो यह कह दिया जाता है कि बारिश के पानी के बहाव में वह बह गई होगी।

# जीआईएस तकनीक से राजधानी में पहली बार सब स्टेशन बनाने की पॉवर कंपनी की योजना

### अंडरग्राउंड वायरिंग से बनेगा 33/11 केवी का सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी ने प्रदेश में पहली बार राजधानी रायपुर में जीआईएस तकनीक से 33/11 केवी का सब स्टेशन बनाने का फैसला किया है। इसके लिए नयापारा बिजली दफ्तर के स्थान को लगभग फाइनल कर लिया गया है। यहां पर दो फीडर बनेंगे। इसमें से एक फीडर में पुराने मंत्रालय के सब स्टेशन और दूसरे फीडर में ईदगाह भाठा के सब स्टेशन से 33 केवी की अंडर ग्राउंड लाइन आएगी। जीआईएस तकनीक की खासियत यह है कि इसमें सामान्य सब स्टेशन में लगने वाले स्थान का महज 30 फीसदी स्थान ही लगता है। राजधानी में वैसे भी स्थान की कमी है। ऐसे में अब राजधानी में बढ़ते लोड को देखते हुए आने वाले समय में जीआईएस तकनीक से ही सब स्टेशन बनाने का काम होगा।

पॉवर कंपनी की कंपनियों में ट्रांसमिशन कंपनी के हिस्से में 132/33 और इससे ज्यादा क्षमता के सब स्टेशन बनाने का काम आता है। 33 और 11 केवी के सब स्टेशन बनाने का काम पॉवर वितरण कंपनी करती है। अब तक पॉवर वितरण कंपनी ने प्रदेश भर में जो भी 33 और 11 केवी के सब स्टेशन बनाने का काम किया है।

### कम स्थान में बनेगा सब स्टेशन

राजधानी रायपुर में नए सब स्टेशन बनाने के लिए अब स्थान की कमी होने लगी है। ऐसे में पॉवर वितरण कंपनी ने फैसला किया है कि आने वाले समय में कम स्थान में बनने वाले सब स्टेशन जीआईएस तकनीक से बनाए जाएंगे। इस तकनीक से ट्रांसमिशन कंपनी ने रावणभाठा में 2016 में 132/33 केवी का 63 एमवीए वाला सब स्टेशन बनाया था जो बीते 9 साल से अच्छे से चल रहा है। एक तरफ जहां ट्रांसमिशन कंपनी अब 400 केवी के दो नए सब स्टेशन जीआईएस तकनीक से बनाने की योजना पर काम कर रही है।

### लगातार बढ़ रहा है लोड

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है राजधानी रायपुर में लगातार लोड बढ़ रहा है। ऐसे में अब इसके लिए नए सब स्टेशन बनाने की जरूत है। लेकिन नए सब स्टेशन के लिए बड़े स्थान नहीं मिल पाते हैं। यही वजह है कि अब जीआईएस तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। नयापारा के दफ्तर में करीब तीन हजार वर्ग फीट जमीन पड़ी है। इस पर ही 33/11 केवी के सब स्टेशन बनाकर इसमें दो फीडर बनाए जाएंगे। ये फीडर 10-10 एमवीए के होंगे। जहां एक फीडर के लिए पुराने मंत्रालय के सब स्टेशन से 33 केवी की लाइन को अंडर ग्राउंड लाने की योजना है, वहीं दूसरे फीडर के लिए ईदगाह भाठा के सब स्टेशन से अंडर ग्राउंड लाइन लाई जाएगी। इसकी पूरी रिपोर्ट बनाकर प्रशासनिक मंजूरी लेकर टेंडर करके काम किया जाएगा।

### यह है जीआईएस तकनीक

इस तकनीक के बारे में पॉवर कंपनी के अधिकारी बताते हैं सामान्य तकनीक एयर इंसुलेटेड होती है, जबकि जीआईएस तकनीक गैस इंसुलेटेड रहती है। इसमें सल्फर हेक्साफ्लोराइड से इंसुलेटेड करके ऊर्जा को नियंत्रित और सप्लाई किया जाता है। इसमें जिस गैस का इस्तेमाल किया जाता है, वह 40 साल तक खराब नहीं होती है। इसी के साथ इसमें सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि इसमें स्थान बहुत कम लगता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक जीआईएस पूरी तरह इंडोर होता है। सिस्टम में बड़ी-बड़ी पाइप लाइनें होती हैं, जिसमें गैस भरी जाती है। इसमें सब स्टेशन के उपकरण स्टॉल किए जाते हैं। ऑटोमेटिक सिस्टम से लैस इसे कंप्यूटर या लैपटॉप से संचालित किया जाता है।

**जीआईएस तकनीक से बनेगा**

प्रदेश में वितरण कंपनी का पहला जीआईएस सब स्टेशन रायपुर में बनाने की तैयारी चल रही है। इसमें स्थान बहुत कम लगता है। जल्द ही इस पर काम प्रारंभ होगा। - **भीम सिंह कंवर**, एमडी, वितरण कंपनी





छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल www.cghb.gov.in

सबके लिए आवास

आवासीय भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

बुकिंग की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025

www.cghb.gov.in → ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE

सिहाद, तह-भखारा, जिला-धमतरी फेस-। में प्रस्तावित अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भू-खण्ड का क्षेत्रफल(वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.आई.जी. (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1533.33 | 969.48 | 652.16 | 26.75 | 2.68 |
| 2. | एल.आई.जी. (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1032.96 | 592.33 | 445.57 | 15.48 | 0.50 |
| 3. | ई.डब्ल्यू.एस. (स्वतंत्र भवन) (1 बी.एच.के.) | 591.80 | 396.50 | 307.41 | 7.72 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 7771805020, 7566633725, 7000597559, 9200192752, 9907749771

कोकड़ापारा, बीजापुर में प्रस्तावित अटल विहार योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भू-खण्ड का क्षेत्रफल(वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | एल.आई.जी.-। (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1258.92 | 879.95 | 605.25 | 23.07 | 0.50 |
| 5. | एल.आई.जी.-।। (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1032.96 | 774.72 | 527.77 | 19.27 | 0.50 |
| 6. | ई.डब्ल्यू.एस. (स्वतंत्र भवन) (1 बी.एच.के.) | 538.00 | 343.67 | 308.16 | 8.97 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9407979151, 9644303087, 8225956700

नियम एवं शर्ते : 1. धरोहर राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से केडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस. एन.ई.एफ.टी. द्वारा जमा किया जा सकता है। 2. स. क्र. 1 से 6 तक के भवनों का आबंटन स्ववित्तय ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 4. ऑफसेट मूल्य से अधिक ऑफर प्रत्येक 15 दिवस में प्राप्त किया जाएगा जिन हितग्राहियों द्वारा भुगतान हेतु चालान के माध्यम से आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. का विकल्प चयन किया जाएगा, उन्हे एक अतिरिक्त बैंकिंग कार्य दिवस भुगतान हेतु प्रदान किया जाएगा। तदुपरांत आगामी कार्य दिवस में ऑफर खोला जाएगा। अवकाश होने की स्थिति में ऑफर अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। 5. ऑनलाईन ऑफर आवेदन केवल मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। 6. अन्य नियम एवं शर्ते आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा। 7. अधिक जानकारी हेतु संबंधित संपदा अधिकारी/कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र से सम्पर्क करें या विजिट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

अधिक जानकारी के लिये स्कैन करें

TOLL FREE NO. 1800-121-6313 सबके घर की आस सबके लिए आवास, गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025


*वित्तमंत्री ओपी से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद*

# जीएसटी दर में कमी से जनता की जेब में पैसा जाएगा खरीदी क्षमता बढ़ेगी, देश विकसित होने की दिशा में बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 में विकसित भारत बनाना चाहते हैं। जीएसटी में जो भी बदलाव किए गए हैं, वो विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा में ले जाने वाला बड़ा कदम है। इसमें संदेह नहीं है कि बड़े फैसले लेने की क्षमता नरेंद्र मोदी के अलावा किसी और में नहीं है। यह बातें छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सार्थक संवाद में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से की। पेश हैं संवाद के प्रमुख अंश।

खास खबर




## *चौधरी ने कहा, मोदी में साहसिक फैसले लेने की क्षमता, उनके नेतृत्व में ही भारत विकसित होगा*

▶▶ *लोग हैरत में तो हैं ही, आप खुद कितने में थे जब आपको पता चला कि जीएसटी में इतने बड़े बदलाव किए जाने वाले हैं?*

▶▶ *प्रधानमंत्री बिग रिफार्म के लिए जाने जाते हैं। आज हम जीएसटी की चर्चा कर रहे हैं, कुछ समय पहले उन्होंने इसी तरह से आयकर के मामले में किया था।*

▶▶ *अभी तो चुनाव भी नहीं है, क्या सरकार के पास पैसा ज्यादा हो गया है कि रखने की जगह भी नहीं मिल रही है?*

▶▶ *प्रधानमंत्री मोदी के एजेंडे चुनावी और राजनीतिक एजेंडे से बड़े होते हैं। वे राष्ट्र हित में बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखते हैं। कोई भी फैसला होता है तो उसमें टैक्स का बैस बढ़ता है। यानी टैक्स देने वाले बढ़ते हैं। जैसे-जैसे टैक्स बढ़ता है तो टैक्स को कम भी करते हैं। टैक्स का पैसा या तो सरकार की जेब में जाता है या फिर जनता की जेब में जाता है। सरकार अब अपने जेब में न लेकर जीएसटी में बदलाव करके जनता की जेब में पैसा डाल रही है। जनता की जेब में पैसा जाने से उनकी खरीदी करने की क्षमता बढ़ती है।*

▶▶ *पहले चार स्लैब थे, अब दो किए गए, इसके पीछे की वजह क्या है?*

▶▶ *एक चरण वो था एक चरण ये है। उस समय देश की स्थिति अलग थी, इस समय अलग है। जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू की गई। उसके पहले देश में 17 प्रकार के टैक्स लगते थे। इससे व्यापारी भी परेशान और प्रताड़ित होते थे। कई तरह के भ्रष्टाचार का भी सामना करना पड़ता था। जीएसटी के लिए राहुल गांधी कहते हैं गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली। गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली तो वो थी जिसे कांग्रेस ने कभी सुधारने की कोशिश नहीं की। पहले टैक्स पर टैक्स लगता था। आटे पर टैक्स लगता था, फिर ब्रेड पर टैक्स लगता था, फिर सैंडविच पर टैक्स लगता था। उसको भी समाप्त करना जरूरी था। जीएसटी में एक देश एक*

▶▶ शेष पेज 5 पर


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹79012/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹96500/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹105338/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand Jewels
Pandri, Raipur


## खबर संक्षेप

### हथियार तस्करी में तीन बंदूक दुकान मालिक गिरफ्तार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मध्य कोलकाता स्थित लाइसेंसी बंदूक की एक दुकान के तीन सह-मालिकों को राज्य में सक्रिय एक हथियार तस्कर गिरोह को अपंजीकृत हथियार कथित तौर पर बेचने के लिए गिरफ्तार किया गया।

### सैक्स रैकेट चलाने के आरोप में अभिनेत्री गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 41 वर्षीय एक टीवी अभिनेत्री व उसकी सहयोगी को वेश्यावृत्ति गिरोह संचालित करने और अभिनय में दिलचस्पी रखने वाली महिलाओं को इस अवैध धंधे में धकेलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने दो लोगों को नकली ग्राहक बनाकर भेजा, जिन्होंने अनुष्का मोनी नाम की आरोपी से संपर्क किया।

### मणिपुर में 11 करोड़ की ब्राउन शुगर सहित दस गिरफ्तार



**इंफाल।** चुराचांदपुर और सेनापति जिलों से सुरक्षा बलों ने दस लोगों के कब्जे से 11 करोड़ से अधिक मूल्य की ब्राउन शुगर बरामद की। पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर जिले के लामजांग में चार लोगों के पास से 5.5 किलो ब्राउन शुगर बरामद की।

### माता वैष्णो देवी यात्रा 11वें दिन भी स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए यात्रा शुक्रवार को लगातार 11वें दिन भी स्थगित रही। छब्बीस अगस्त को भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। एक अधिकारी ने कहा कि यात्रा को फिर से शुरू करने का निर्णय सभी पहलुओं का आकलन करने के बाद उचित समय पर लिया जाएगा।

### सीएम माझी के विमान को कोलकाता भेजा गया



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को लेकर आ रहा एक विमान शुक्रवार सुबह खराब मौसम के कारण भुवनेश्वर में नहीं उतर सका और उसे कोलकाता भेज दिया गया। बता दें कि दिल्ली का पांच दिवसीय दौरा करके लौट रहे थे।

विधि, नव्या को आमने-सामने बैठाकर पुलिस ने की पूछताछ

# ड्रग केस में खुल रहीं परतें, विधायक पुत्र के खाते से सप्लायर को हुए थे 18 लाख ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एमडीएमए ड्रग मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पुलिस को रोज नई-नई जानकारी मिल रही है। ड्रग रैकेट मामले में नव्या मलिक के ब्वाय फ्रेंड अयान परवेज के बारे में पुलिस को अहम जानकारी मिली है। ड्रग की काली कमाई से अयान द्वारा मैग्नेटो मॉल के पीछे दो हजार वर्गफीट जमीन खरीदने तथा खरीदी गई जमीन में तीन मंजिला मकान बनाने की जानकारी पुलिस को मिली है। इसकी कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है। अयान द्वारा यह प्रापर्टी ड्रग कारोबार के साथ नव्या से ब्लैकमेल कर हासिल रकम से खरीदी गई है। चौंकाने वाली जानकारी यह भी है कि नव्या के एकाउंट में एक विधायक के पुत्र ने बड़ी राशि ट्रांसफर की है।

नव्या मलिक तथा विधि अग्रवाल को पुलिस ने शुक्रवार को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की है। पूछताछ के दौरान दोनों लड़कियां एक दूसरे पर आरोप लगा रही थीं। लंबी पूछताछ के बाद नव्या तथा विधि ने पुलिस के सामने ड्रग कारोबार से जुड़े होने का अपराध कबूल किया है। नव्या की तरह विधि देश के कई अलग-अलग राज्यों में रही है। विधि पिछले तीन-चार साल से रायपुर में निवास कर रही है। विधि तथा उसका परिवार मूल रूप से ओडिशा, संबलपुर का रहने वाला है। विधि के पिता करीब सात-आठ वर्ष पूर्व रायगढ़ में शिफ्ट हुए हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

## ड्रग आपूर्ति करने वाले की पहचान करने का पुलिस का दावा

04 सितंबर को प्रकाशित खबर


मेंबर बनाने भराए जाते थे ऑनलाइन फार्म दुबई, सिंगापुर की पार्टियों में शरीक रही नव्या

05 सितंबर को प्रकाशित खबर


टूट रहा ड्रग के धंधे का तिलस्म, इवेंट की आड़ में नशे का कारोबार करने वाली मैनेजर समेत चार दबोचे गए

### कोलकाता में पढ़ाई करने के बाद इवेंट मैनेजमेंट से जुड़ी

विधि अग्रवाल प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद कालेज की पढ़ाई पश्चिम बंगाल, कोलकोता में की है। कोलकाता में विधि ने इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के बाद विधि गोवा, बेंगलुरु में इवेंट का काम करती थी। बताया जा रहा है, इस दौरान वह ड्रग संचालित करने वाले गिरोह के चंगुल में फंस गई और वहीं से वह ड्रग सप्लाई करने के साथ ड्रग लेने की आदी हो गई। दिव्या तीन साल से रायपुर में रहकर पाकिस्तान ड्रग रैकेट से जुड़े जुनैद उर्फ शेख चिल्ला के साथ मिलकर क्लब, पब तथा होटल में ड्रग खपाने का काम करती थी।

### विधायक के बेटे ने किए 18 लाख रुपए ट्रांजेक्शन

नव्या के अकाउंट की जांच करने पर उसके अकाउंट में एक विधायक के बेटे द्वारा 18 लाख रुपए ट्रांजेक्शन करने की पुलिस को जानकारी मिली है। विधायक के बेटे ने नव्या के अकाउंट में इतनी भारी भरकम राशि क्यों ट्रांसफर की, पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। रकम ट्रांसफर वर्ष 2023-24 के बीच किए जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में पुलिस किसी भी तरह से जानकारी देने से बच रही है।

### ड्रग आपूर्ति करने वाले की पहचान करने का दावा

नव्या, विधि को ड्रग सप्लाई करने वाले की पुलिस ने पहचान करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी तथा सुरक्षा का हवाला देकर डग सप्लाई करने वाले की किसी भी तरह की जानकारी देने से मना किया। पुलिस ने ड्रग रैकेट से जुड़े तंत्र का जल्द ही खुलासा करने का दावा किया है। बताया जा रहा है, नव्या तथा विधि दिल्ली के एक बड़े ड्रग डीलर के संपर्क में थे।

**ज्यादातर क्लब संचालक नव्या, विधि के संपर्क में :** विधि तथा नव्या के मोबाइल की जांच करने पर दोनों के कांटेक्ट लिस्ट में वीआईपी रोड स्थित ज्यादातर क्लब तथा होटल मैनेजर, संचालक के नंबर मिले हैं। पुलिस इस संबंध में पड़ताल करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### अयान के इशारों पर काम कर रहे थे

अयान के बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। बताया जा रहा है, अयान नव्या को फंसाने के साथ विधि के संपर्क में भी था। दोनों युवतियां बाहर से ड्रग मंगाती थीं, लेकिन खपाने का काम नव्या तथा विधि करती थीं।

▶▶ शेष पेज 5 पर

# नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर मुठभेड़ महिला नक्सली ढेर

- थ्री नॉट थ्री रायफल व बीजीएल लांचर समेत अन्य हथियार बरामद
- पूर्व बस्तर डिविजन के नक्सलियों की मौजूदगी की खूफिया इनपुट के बाद चलाया गया था ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/नारायणपुर

पूर्वी बस्तर डिविजन के नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर नक्सलियों की मौजूदगी की खूफिया इनपुट के बाद दोनों जिले की संयुक्त टीम द्वारा ऑपरेशन लांच किया गया था। अभियान के दौरान देर शाम तक एक महिला नक्सली के शव के अलावा हथियार व अन्य सामान बरामद किया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए डीआईजी दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप ने बताया कि नक्सलियों के पूर्व बस्तर डिविजन के बड़े कैडर के नक्सलियों की सूचना पर डीआरजी नारायणपुर, दंतेवाड़ा व एसटीएफ की टीम द्वारा अबूझमाड़ में संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। शुक्रवार सुबह से डीआरजी व संयुक्त सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच रुक-रुक कर लगातार मुठभेड़ जारी है।

अब तक की सर्चिंग कार्रवाई में मुठभेड़ स्थल से एक महिला माओवादी के शव के अलावा 303 रायफल, दो बीजीएल लांचर व अन्य हथियार सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किए गए हैं।

### अलग दे देंगे विवरणः डीआईजी

डीआईजी ने कश्यप ने कहा कि सर्च अभियान अभी भी जारी है, इसलिए अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिक जानकारी साझा नहीं की जा सकती। अभियान पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत विवरण पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा।

## बोरसी स्कूल में तंत्र-मंत्र कर कोयल की बलि



# पालकों ने बच्चों को स्कूल भेजने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



बोरसी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में तंत्र-मंत्र करने के बाद कोयल की बलि देने की वजह से विद्यार्थियों व पालकों में दहशत का माहौल है। गुरुवार को जब स्कूल खुला तो वहां कोयल को मारकर किसी ने फेंक दिया था। पास ही नींबू और सिंदूर भी मिला। जिसे देखकर विद्यार्थी दहशत में आ गए। प्राचार्य कार्यालय के सामने यह तंत्र क्रिया की गई थी। प्रिंसिपल ने ब्लॉक शिक्षा

- प्रिंसिपल-ऑफिस के सामने तांत्रिक रंगोली, नींबू-सिंदूर भी मिला

▶▶ शेष पेज 5 पर

### अंधविश्वास फैलाने की कोशिश

ऐसा कृत्य करना शरारती तत्वों द्वारा अंधविश्वास फैलाने की कोशिश है। उनका उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों को डराने का है, ताकि वे स्कूल न आएं। बच्चे डरे हुए थे इसलिए वहां शिक्षक ने खुद ही अगरबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की। किसी भी बैगा को वहां नहीं बुलाया गया था और न ही कोई भुगतान किया गया है।

- राजेश्वरी चंद्राकर, बीईओ दुर्ग ब्लॉक

### पालकों की सूचना पर पुलिस पहुंची

विद्यार्थियों के पालकों को भी इसकी सूचना पहुंची तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पद्मनाभपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने अपने स्तर पर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कृत्य के पीछे किसका हाथ है और उसका मकसद क्या था।

## एससी/एसटी एक्ट में जमानत पर सीजेआई ने खींची लक्ष्मण रेखा

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने हाल ही में एक फैसला सुनाते हुए कहा है कि दलितों के खिलाफ उत्पीड़न से जुड़े मामले यानी एससी/एसटी एक्ट 1989 के तहत दर्ज मामलों में किसी भी आरोपी को अग्रिम जमानत तभी दी जा सकती है, जब स्पष्ट रूप से यह साबित हो कि आरोपी के खिलाफ प्रथम द्रष्टया कोई मामला न बनता हो। यानी पहली नजर में ही यह तथ्य साबित हो जाए कि आरोपी ने दलित समुदाय के प्रति कोई हिंसा नहीं की है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और

### हाईकोर्ट का फैसला पलटा



जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम को कमजोर वर्ग की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से लाया गया था और यह आरोपी को गिरफ्तारी से पूर्व जमानत देने पर रोक लगाता है।

# जल जीवन मिशन कार्य में लापरवाही

## 10 ठेकेदारों को किया गया ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति को लेकर के कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति हरिस एस ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। यह निर्णय मंगलवार को कलेक्टोरेट में हुई बैठक के दौरान लिया गया।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि मिशन मोड में संचालित इस योजना के तहत सभी ठेकेदारों को अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी

▶▶ शेष पेज 5 पर



- धीमी गति से हो रहे कार्य पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी
- अफसर नियमित समीक्षा करें और दें प्रगति रिपोर्ट

### ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार

अमानत राशि राजसात कर ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों की सूची में यादव कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, गणपति सेल्स जगदलपुर, व्हीआर कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, बीआर.इन्वायारा सॉल्यूशन भिलाई, बंशीलाल गंजीर भानपुरी, आरबी ड्रिलर्स केशकाल, छत्रपति कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, भारत इन्फ्रा केशकाल, किसान बोरवेल्स केशकाल एवं लखन सिंह रायपुर शामिल हैं।

## एडीआर ने कुल 643 मंत्रियों के शपथपत्रों का विश्लेषण कर जारी की रिपोर्ट

# भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मंत्रियों सहित 174 पर गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी। वहीं देश में राजनीति का काला सच यह है कि लगभग 47 फीसदी मंत्रियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव अधिकार संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट ने इन आंकड़ों का खुलासा किया है। देश में कुल 643 मंत्रियों की जांच में पता चला कि 302 मंत्रियों (लगभग 47%) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### केंद्रीय मंत्रियों के खिलाफ भी मामले

राष्ट्रीय स्तर पर 72 केंद्रीय मंत्रियों में से 29 ने भी अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है। राज्यवार यह स्थिति है कि 11 विधानसभाओं में 60 प्रतिशत से अधिक मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पुडुचेरी शामिल हैं। वहीं हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड और उत्तराखंड के मंत्रियों ने कोई आपराधिक मामला नहीं बताया है।



### 143 महिला सांसदों-विधायकों पर आपराधिक मामले

बता दें कि एडीआर ने कुछ समय पहले महिला सांसद और विधायकों को लेकर रिपोर्ट जारी की थी है। इसमें सामने आया था कि देश की कुल 512 महिला सांसदों और विधायकों में से 28% यानी 143 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें से 78 (15%) पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर आरोप हैं। वहीं, 17 महिला नेताओं ने अपने चुनावी हलफनामों में अरबपति (100 करोड़ या उससे अधिक संपत्ति) होने का दावा किया है।

### किस पार्टी के कितने मंत्रियों पर आपराधिक केस

**बीजेपी :** 336 मंत्रियों में से 136 पर मामले, 88 गंभीर आरोपों में शामिल

**कांग्रेस :** 61 मंत्रियों में से 45 पर मामले, 18 गंभीर आरोपों में शामिल

**डीएमके :** 31 मंत्रियों में से 27 पर मामले, 14 गंभीर आरोपों में शामिल

**टीडीपी :** 23 मंत्रियों में से 22 पर मामले, 13 गंभीर आरोपों में शामिल

**आम आदमी पार्टी :** 16 मंत्रियों में से 11 पर मामले, 5 गंभीर आरोपों में शामिल

**तृणमूल कांग्रेस :** 40 मंत्रियों में से 13 पर मामले, 8 गंभीर आरोपों में शामिल

बिलासपुर
शनिवार 6 सितंबर 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 25, अंक : 164
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 32.6
न्यून. 24.1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# 3.50 लाख किसानों को राहत, अब सोसाइटियों में होगा एग्रीस्टैक पंजीयन, 10 से शुरुआत

*छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए और केंद्र-राज्य सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ लेने से किसान वंचित नहीं होंगे। राज्य में करीब साढ़े तीन लाख किसानों के एग्रीस्टैक में पंजीयन में आ रही दिक्कत के मद्देनजर अब सीएससी की जगह सोसाइटियों में पंजीयन होगा। यह व्यवस्था 10 सितंबर से लागू की जाएगी।*

*साढ़े तीन लाख किसानों का अब तक एग्रीस्टैक में पंजीयन बाकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक डिजिटल पहल है, जो कृषि क्षेत्र के लिए एक एकीकृत डेटाबेस और डिजिटल सेवाओं का मंच है, जिसके तहत किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपनी जानकारी पंजीकृत करानी होगी। छत्तीसगढ़ में धान बेचने वाले किसानों के लिए एग्रीस्टैक ▶▶| शेष पेज 5 पर

अलग खबर

### साढ़े तीन लाख किसानों के लिए अवसर

राज्य में एग्रीस्टैक का पंजीयन शुरू होने का बाद से अब तक 22 लाख 40 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका है। पिछले साल धान बेचने वालों किसानों की संख्यां 25 लाख 49 हजार के करीब है। इस तरह बचे हुए करीब साढ़े तीन लाख किसान ▶▶| शेष पेज 5 पर



### छत्तीसगढ़ में थी अब तक ये परेशानी

राज्य में एग्रीस्टैक पंजीयन को लेकर पिछले कई दिनों से राज्य भर से ये जानकारी सामने आ रही थी, किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। किसानों को डर था कि कहीं वे धान बेचने से वंचित न हो जाएं। खास बात ये है कि राज्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ 40 लाख किसानों का मिलता है, इनका पूरा डाटा भारत सरकार के रिकॉर्ड में है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कौन से किसानों का पंजीयन था बाधित

*राज्य में जिन साढ़े तीन लाख किसानों का एग्रीस्टैक में पंजीयन नहीं हो पाया है, उनके संबंध में जानकारी है कि ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का पंजीयन हो रहा है, लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वालों का नहीं हो रहा है। इसी तरह ये बात भी सामने आई कि जिन किसानों ने साल-दो साल पहले जमीन खरीदी है और केंद्र- राज्य सरकार की किसी योजना का लाभ नहीं लिया है, उनका डाटा भी सरकार के पास नहीं है, उनका भी पंजीयन नहीं हो पा रहा था। जो किसान वन भूमि पट्टे पर खेती करते है, जो कृषि लोन नहीं लेते और न ही फसल बीमा में शामिल होते हैं। दरअसल इन किसानों ने केंद्र या राज्य सरकार की कृषि संबंधित किसी योजना का लाभ नहीं लिया है, इसलिए उनका डाटा सरकार के पास नहीं है।*




## खबर संक्षेप

### देश आपदाओं से प्रभावितों के साथ : राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस वर्ष मानसून के दौरान हुई प्राकृतिक आपदाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रभावित लोगों की पीड़ा को समझता है और संकट की इस घड़ी में उनके साथ है। राष्ट्रपति ने कहा, ''इस वर्ष मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के बारे में जानकर मुझे बहुत दुख हुआ है।

### जलविद्युत संयंत्र में घुसा पानी, 5 के डूबने की आशंका

**लुनावाडा।** गुजरात में महिसागर जिले के लुनावाडा कस्बे के पास एक पनबिजली संयंत्र के परिसर में नदी का पानी घुस जाने से पांच श्रमिकों के डूबने की आशंका है। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना अपराह्न करीब तीन बजे हुई, जब 15 श्रमिक रखरखाव संबंधी कार्य के लिए दौलतपुरा स्थित पनबिजली संयंत्र के एक बड़े कुएं में उतरे थे।

### ओणम पर केरल में बिकी 826 करोड़ की शराब



**तिरूवनंतपुरम।** केरल राज्य पेय निगम ने प्रदेश में ओणम पर्व मनाये जाने के दौरान, अपने विक्रय केंद्रों से 826.38 करोड़ रुपये की शराब बेची। अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 25 अगस्त से चार सितंबर तक पिछले साल के ओणम त्योहार के मुकाबले 6.38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### नाले में गिरे बच्चे की मौत तीन अधिकारी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में निर्माणाधीन फ्लाईओवर स्थल पर कथित लापरवाही की वजह से तीन साल के एक बच्चे की मौत मामले में निजी कंपनी के निदेशक और उसके दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। फ्लाईओवर के निर्माण स्थल पर खुले नाले में गिरने से सुनीत कुमार की मौत हो गई थी।

## मोदी, पुतिन, जिनपिंग की तस्वीर शेयर कर दिया बयान

# 'लगता है हमने भारत और रूस को सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि 'लगता है हमने भारत और रूस को सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो!' ट्रंप ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह लिखा और पोस्ट के साथ चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा करते हुए ट्रंप ने भारत और रूस के साथ संबंध खत्म करने के संकेत दिए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से की गई इस पोस्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं है।

- एससीओ शिखर सम्मेलन में मिले थे भारत, रूस, चीन के राष्ट्राध्यक्ष

### टैरिफ से बढ़ा दोनों देशों में तनाव

*डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। अमेरिकी सरकार ने बीते महीने भारत के सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव है। वहीं रूस के साथ यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका की तनातनी बढ़ हुई है। इस घटनाक्रम के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में चीन का दौरा किया है। चीन में एससीओ समिट के लिए पुतिन और मोदी पहुंचे। दोनों नेताओं की चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ मुलाकात हुई। रूस, चीन और भारत के नेताओं के साथ आने को अमेरिका को जवाब देने की तरह देखा गया है। एक्सपर्ट का कहना है कि मोदी ने चीन जाकर ट्रंप को सख्त संदेश दिया है। ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट से लगता है उनको मोदी, जिनपिंग और पुतिन की बैठक से धक्का पहुंचा है।*






### भारत पर हमलावर रहे हैं ट्रंप

ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंध काफी नीचे पहुंच गए हैं। अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी बेस टैरिफ और रूसी तेल की निरंतर खरीद पर 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। रूस से तेल खरीद और अमेरिकी सामानों पर शुल्क को लेकर ट्रंप भारत पर हमलावर हैं।

**पूर्व एनएसए बोल्टन का दावा**

### मोदी व ट्रंप दोस्ती अब अतीत की बात, निजी रिश्तों ने अमेरिका को पीछे धकेला



पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने बड़ा दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच कभी बेहद करीबी रहे व्यक्तिगत रिश्ते अब टूट चुके हैं। बोल्टन का कहना है कि वैश्विक नेता अगर ट्रंप से व्यक्तिगत समीकरणों के भरोसे विदेश नीति चलाना चाहेंगे, तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बोल्टन ने ब्रिटिश मीडिया संस्थान एलबीसी से बातचीत में कहा, 'ट्रंप और मोदी के रिश्ते कभी काफी मजबूत थे। लेकिन अब वो खत्म हो चुके हैं। यह सभी नेताओं के लिए, खासकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर जैसे लोगों के लिए सबक है कि व्यक्तिगत रिश्ते कभी-कभी मददगार हो सकते हैं, लेकिन वे सबसे कठिन हालात से नहीं बचा सकते।' बोल्टन ने आरोप लगाया कि ट्रंप कूटनीति को हमेशा नेताओं के साथ अपनी नजदीकी से आंकते हैं।

**अवैध मुरुम उत्खनन का मामला**

## अजित पवार ने महिला आईपीएस को धमकाया बाद में गलती मानी



एजेंसी ▶▶| सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होकर जमकर सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और डीएसपी अंजना कृष्णा के बीच तीखी बहस होती नजर आ रही है। फोन कॉल पर आईपीएस अधिकारी अंजना कृष्णा ने अजित पवार को पहचानने से इनकार कर दिया तो अजित पवार आगबबूला हो गए। उन्होंने आईपीएस आधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी तक दे डाली। हालांकि, बाद में अजित पवार ने अपनी गलती मानते हुए कहा कि उनका इरादा क्षेत्र में स्थिति को शांत कराने का था। इस मामले को लेकर महाराष्ट्र के विपक्षी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, सोलापुर के माढा तालुका के कुर्डू गांव में अवैध मुरुम उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने डीएसपी अंजना कृष्णा मौके पर पहुंची थीं। जहां उनका स्थानीय ग्रामीणों से आमना-सामना हुआ। इसी बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता बाबा जगताप ने सीधे उपमुख्यमंत्री अजित पवार को फोन कर दिया और वह कॉल डीएसपी को थमा दिया। वहीं फोन पर अजित पवार ने खुद को 'डीसीएम अजित पवार' बताते हुए डीएसपी को कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया।

**आतंकी संगठन के मैसेज के बाद अलर्ट पर मुंबई**

## मुंबई में मारे जाएंगे 1 करोड़ लोग 400 किलो बारूद, 34 कारों में बम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई को एक बार फिर से दहलाने की साजिश रची जा रही है। पुलिस को धमकी भरा मैसेज मिला है। ये धमकी भरा मैसेज ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर पर भेजा गया। इस मैसेज में दावा किया गया है कि शहर में 34 गाड़ियों में आत्मघाती बैठे हैं। धमाके के बाद पूरा मुंबई हिल जाएगा।

खुद को "लश्कर-ए-जिहादी" नामक संगठन बताने वाले ने इस मैसेज के जरिए लिखा है कि 14 पाकिस्तानी आतंकी भारत में घुस चुके हैं जो मुंबई में धमाके करने की फिराक में हैं। इस मैसेज के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। ट्रैफिक ज्वाइंट सीपी अनिल कुंभारे ने ट्रैफिक कंट्रोल व्हॉट्सऐप पर आए धमकी भरे मैसेज के बारे में कहा है कि मुंबई क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है।



### मुंबई के 34 जगह मचेगी तबाही

इस धमकी में यहां तक कहा गया है कि 400 किलो आरडीएक्स से मुंबई में विस्फोट किया जाएगा। पूरी मुंबई में 34 जगहों पर खड़ी कारों में आत्मघाती दस्ते के आतंकी मौजूद हैं जो एक ही समय पर विस्फोट करेंगे जिससे 1 करोड़ लोगों की जान जा सकती है।

## महतारी वंदन योजना : 69.15 लाख महिलाओं को 647 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर

- अब तक कुल 12,376 .19 करोड़ रुपये की राशि सीधे हितग्राहियों तक पहुंची
- महिलाओं के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को रायगढ़ जिले के खरसिया में आयोजित भव्य कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 19वीं किस्त का भुगतान किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की 69,15,994 महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 1000-1000 रुपये की राशि अंतरित की। कुल 647.13 करोड़ रुपये की यह राशि एक ▶▶| शेष पेज 5 पर



### महिलाओं के जीवन में आशा और विश्वास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के जीवन में आशा, विश्वास और नई प्रेरणा का संचार कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार महिलाओं की बेहतरी और समाज की उन्नति के लिए इसी प्रकार लगातार कार्य करती रहेगी।

### परिवार को मिल रही है मजबूती : राजवाड़े

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और सम्मान प्रदान कर रही है। यह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा ▶▶| शेष पेज 5 पर







### महिलाओं का वीडियो बनाते पायलट गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के शनि बाजार में कैमरा छुपाकर उससे महिलाओं के वीडियो बनाने की कोशिश करने के आरोप में एक निजी विमानन कंपनी के पायलट प्रियदर्शी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लाइटर के आकार के जासूसी कैमरे का कथित तौर पर इस्तेमाल कर अनजान महिलाओं का वीडियो बना रहा था। पुलिस ने बताया कि बाजार में एक महिला ने जब उसका वीडियो बनाते हुए देखा तो शोर मचाया। भीड़ ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया।



## चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को क्यों झकझोर रहे ट्रंप

लगता है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धीरे-धीरे सही, भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर गलती का अहसास होने लगा है। तभी तो वो कह रहे हैं कि लगता है कि हमने रूस और भारत को चीन के हाथों खो दिया। हालांकि उन्होंने यह बात व्यंग्य के रूप में ट्रुथ सोशल पर लिखी। साथ ही उन्होंने एससीओ समिट की तस्वीर शेयर करते हुए संकेत दिया है कि रूस और भारत के चीन की तरफ जाने को वह अमेरिका के साथ रिश्ते खत्म करने की तरह देख रहे हैं। ट्रंप के इन शब्दों से लगता है कि उन्हें अंदर खाते यह अहसास होने लगा है कि उनकी सनक के कारण भारत से अमेरिकी संबंध सरातल में पहुंच गए हैं। एक के बाद एक भारत को झटके देने वाले ट्रंप अब खुद तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। चाहे भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को रोकने का बार-बार किया गया विवादास्पद दावा हो, पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के कारण सैन्य टकराव को भड़काने की बात हो, पाकिस्तानी सेना प्रमुख को दोपहर के भोजन पर आमंत्रित करना हो या रूस के साथ भारत के वैध संबंधों के लिए उसे दंडित करना हो। वो हमेशा अपनी सनक पर ही चलते रहे। असल में अमेरिकी राष्ट्रपति स्थापित परंपराओं के अनुसार चलने की परवाह नहीं करते। ऐतिहासिक मिसालें या परंपराएं ट्रंप के लिए कोई मायने नहीं रखती, जो अक्सर राजनीति को निजी सनक और लाभ के साथ जोड़ देते हैं। डोनाल्ड ट्रंप कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताकर तो कभी टैरिफ पर टैरिफ लगाकर भारत पर व्यापारिक समझौते के लिए दबाव बनाने की कोशिश करते रहे। भारत झुकने को तैयार नहीं हुआ तो एक के बाद एक दो बार में 50 फीसदी टैरिफ लगाकर दबाने का प्रयास किया। असल में ट्रंप अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने का दावा भी करते हैं। कभी वो एप्पल के सीईओ को धमकाते हैं तो कभी एआई कंपनी से अमेरिकी सरकार के नाम शेयर करवाते हैं। ट्रंप एक कारोबारी हैं और फिर भी यह समझने को तैयार नहीं कि यदि पिछले वर्षों में अमेरिका के कारखाने अन्यत्र स्थानांतरित हो गए तो उसका कारण अमेरिका में श्रम का महंगा होना था। खुद अमेरिकी कारोबारी ज्यादा मुनाफे के लिए अपने कारखाने अन्य देशों में ले गए। इससे अमेरिका के लोगों को सस्ता सामान मिलने लगा। भले ही ट्रंप यह मानकर चल रहे हों कि अब वे सब कारखाने अमेरिका आ आएंगे, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। कारखाने रातोंरात नहीं लगते और यदि कुछ छोटे कारखाने लग भी जाएं तो महंगे श्रम के कारण उनमें तैयार वस्तुएं अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं के मुकाबले महंगी होंगी। आखिर जो सामान विश्व के अन्य देशों में सस्ते में बन सकता है, उसे अमेरिका में महंगा बनाकर वहां के कारोबारी क्या हासिल कर लेंगे। पता नहीं किस अर्थशास्त्री ने ट्रंप को यह समझाया कि वह टैरिफ बढ़ाकर राजकोषीय घाटा कम कर लेंगे। राजकोषीय घाटा इस तरह कम नहीं होता और न ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार एक-दूसरे पर समान टैरिफ के आधार पर होता है। कारखानों में तैयार वस्तुओं की लागत के पीछे अनेक कारण होते हैं, लेकिन ट्रंप की सनक है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही। एक दिन पहले ही अमेरिकी कोर्ट में ट्रंप प्रशासन ने दावा कर दिया कि भारत समेत दुनिया भर के देशों में लगाए गए टैरिफ बहुत जरूरी हैं। लगता है ट्रंप और उनके सलाहकार यह सब समझने को तैयार नहीं हैं कि टैरिफ से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका का ही होगा।



## विवादित बयान
प्रमोद भार्गव

# तेल खरीद में जातीय विभाजन की आग

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं। उन्होंने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। वर्तमान में भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।**

धर्म और जाति भारत की कमजोर कड़ियां रही हैं। इसकी शुरुआत फिरंगी हुकूमत ने भारत में धर्म के आधार पर बंगाल के विभाजन के साथ की थी, जो कालांतर में अंग्रेजों की कुटिल चाल के परिणाम में भारत विभाजन का मुख्य आधार बनी। अब अमेरिका के भारत विरोधी वाचाल व्यापारी पीटर नवारो एक बार फिर इसी नुस्खे को तूल देकर जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं।

भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका से असंतुष्ट देशों में खासतौर से रूस, भारत, चीन अर्थात आरआईसी ट्राइका शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में मजबूती से खड़ा होता दिखा। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नींद हराम हो गई। नतीजतन इसी परिप्रेक्ष्य में ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो ने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। नवारो ने एक साक्षात्कार में कहा कि 'देखिए, नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के महान नेता हैं, लेकिन वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ खड़े हैं। मैं कहना चाहूंगा कि भारतीय जनता समझे कि यह क्या हो रहा है। आपके पास जो ब्राह्मण हैं, वे भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। यानी पूंजीपति देश का एक उद्योगपति भारत की जनता को बताएगा कि वह क्या करे? मसलन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता नासमझ है। देश की वह जनता नादान है, जिसने आपातकाल में तानाशाह के रूप में पेश इंदिरा गांधी की सरकार को बदल दिया था? इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारी बहुमत से जीते राजीव गांधी की सत्ता को इसलिए बेदखल कर दिया था, क्योंकि साहबानो प्रकरण को लेकर राजीव गांधी इस्लामी कट्टरवादियों के दबाव में आ गए थे। इसी जनता ने उन मनमोहन सिंह को सत्ताच्युत कर दिया था, जिन्होंने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों को सौंप देने की वकालत शुरू की थी और फिर इसी जनता ने देश की कमान उन नरेंद्र मोदी को सौंप दी थी, जो अपने बाल्यकाल में पिता की मदद के लिए रेल के डिब्बों में चाय बेचा करते थे। इन्हीं मोदी को जागरूक मतदाताओं ने फिर से 2019 में जिताया, क्योंकि सुरक्षा सैनिकों को ले जाने वाले एक वाहन को पुलवामा में आत्मघाती आतंकी हमलावर, सीआरपीएफ के 46 जवानों की शहादत का कारण बना था। इस जघन्य घटना का बदला लेने के लिए मोदी ने बालाकोट में वायुसेना से सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देकर आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। 2024 के आम चुनाव में इन्हीं मोदी पर देश देश की

जनता ने फिर विश्वास किया और तीसरी बार सत्ता की कुंजी मोदी को सौंप दी। साफ है, जनता उन विदेशी उपदेशकों के बहकावे में आने वाली नहीं है, जो मोदी पर नाजायज दबाव बनाकर अपने अनैतिक हित साधने के



फेर में हैं। दोहरे मापदंड वाले ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त शुल्क के रूप में जुर्माना लगा रहे हैं, जबकि भारत, चीन और यूरोपीय देशों की तुलना में कम ईंधन खरीदता है। पीटर नवारो इन देशों के ब्राह्मणों, अर्थात कुलीन वर्ग या कारपोरेट घरानों के लिए क्या कहेंगे ? नवारो भारत के विरुद्ध अनर्गल प्रलापों के लिए जाने जाते हैं। नवारो ने इसके पहले, यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी का युद्ध आंशिक रूप से नई दिल्ली होकर गुजरता है' का लांछन लगाया था। इसका सटीक उत्तर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह कहते हुए दिया है कि 'नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध-मशीन को वित्तपोशित करने का आरोप लगाया है, जबकि फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर किए हमले के बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा है। उसी मात्रा में आज भी रूस तेल निर्यात कर रहा है। अर्थात निवारों का बयान भारत, रूस और चीन की एससीओ की बैठक में देखने में आई जुगलबंदी का नतीजा है। चूंकि अब ट्रंप अपने ही देश में बेतुके अड़ियल रुख के कारण घिरते जा रहे हैं। अवाम में नाराजगी बढ़ रही है। अमेरिका के अरबपति रे डेलियो ने तो यहां तक कह दिया कि 'ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 1930 के दशक जैसी तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। निवेशक ट्रंप के डर से चुप हैं। धन एवं मूल्यों की खाई और टूटता भरोसा अमेरिका को चरमपंथी नीतियों की ओर धकेल रहा है।' निवारो का जातिसूचक बयान एक ऐसी साजिश का सूचक है, जो भारत में शहरी नक्सली और वर्णभेदी वामपंथी बीजरूप में आजादी के बाद से ही बोते रहे हैं, जिससे भारत जातीय कुचक्र की आग में जलने लग जाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में जाति की जड़ें आज भी गहरी हैं। लेकिन बीते 75-80 सालों में जनता बौद्धिक-विवेक के रूप में इतनी परिपक्व हो गई है कि वह अब किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में आने वाली नहीं है। वह जानती है कि भारत में तेल का व्यापार करने वाले जो भी चंद उद्योगपति हैं, उनमें ब्राह्मण कोई नहीं है। यह बयान केवल भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में व्यर्थ हस्तक्षेप और जातिगत विद्वेश भड़काने की निर्लज्ज कोशिश है।

हालांकि यह संभवतः अपवाद है कि किसी परदेशी उद्योगपति के मुख से जातिगत व्यवस्था को भारत सरकार की विदेश नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। नवारो ने जातिसूचक शब्द ब्राह्मण का जो प्रयोग किया है, उसे अभिजात्य या कुलीन वर्ग को लांछित करने के रूप में भी देखा जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष का कहना है कि बोस्टन ब्राह्मण शब्द अमेरिका में न्यू इंग्लैंड से जाकर बसे धनी वर्ग के लिए प्रयोग में लाया जाता था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस शब्द को एलीट क्लास से जोड़ा है। दरअसल एक समय अमेरिका के बोस्टन में धनी सुशिक्षित प्रोटेस्टेंटों का एक समुदाय था। ये लोग 18वीं और 19वीं सदी में ताकतवर समुदाय थे।

ये अमेरिका के उपनिवेशवादियों के वंशज थे। इन लोगों ने व्यापार में अपने को खफा दिया और सफलता के शिखर छू लिए। अब भारत में शैक्षिक उन्नति, सह-शिक्षा और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में पेशेवर युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में भागीदारी के चलते अन्तर्जातीय व अन्तर्धार्मिक विवाह आम बात हो गई है। बहुत कुछ जातीय कुचक्र टूट गया है। अलबत्ता यह भी देखने में आ रहा है कि जिस किसी भी वर्ग या जाति के लोग राजनीति, नौकरी या व्यापार में सशक्त होते जा रहे हैं, वे उसी ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अनुगामी बनते जा रहे हैं, जिसे एक एमय वे कोसते रहे हैं। भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

*( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया
डॉ. मोनिका शर्मा



# मनगढ़ंत बातों से सनसनी फैला रहे वीडियो

हाल ही में राजस्थान में शादी से जुड़ी एक प्रथा को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में एक युवती द्वारा प्रदेश की मनगढ़ंत रस्म को लेकर बातें की गईं। दुखद है कि उसके विचार समग्र को ठेस पहुंचाने वाले तो थे ही, साथ ही स्त्रियों का अपमान करने वाले भी थे। युवती ने पूरी अभद्रता से साथ यह दावा किया कि राजस्थान में शादी से पहले विवाहिता को ससुर व देवर के साथ संबंध बनाने होते हैं। इसके बाद ही विवाहित महिला पति से संबंध बना सकती है। जबकि समृद्ध रीति-रिवाज के लिए मान पाने वाले देश के इस राज्य में ऐसी कोई प्रथा या यूं कहें कि कुप्रथा प्रचलित नहीं है। अफसोसनाक है कि यह युवती इस वीडियो में यह कहने से भी नहीं चूकी कि विवाहित महिला के लिए गर्भवती होने पर अपना पहला बच्चा गिराना अनिवार्य होता है। मनगढ़ंत बातों की सनसनी फैलाने वाली इन बातों से लोगों में ना केवल भारी नाराजगी पैदा हुई बल्कि ये विचार हर किसी को हैरान-परेशान करने वाले भी रहे। ध्यातव्य है कि राजस्थान में ऐसी कोई परंपरा नहीं है। वहां के स्थानीय लोग भी इस वीडियो को देखकर व्यथित-विचलित हो गए, क्योंकि ऐसे किसी रिवाज के बारे में किसी ने भी कुछ देखा-सुना नहीं है। बाद में राजस्थान पुलिस ने भी युवती के दावे को फेक बताया। अभद्र बातें लिए इस वायरल वीडियो पर राजस्थान पुलिस द्वारा बाकायदा आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए अपने एक्स अकाउंट पर कहा गया कि राज्य में ऐसी कोई परंपरा या रस्म नहीं है। राजस्थान पुलिस ने युवती के दावे को फर्जी बताते हुए लिखा, 'राजस्थान में शादी के बाद पहले ससुर, फिर देवर और फिर पति से संबंध बनाने और पहले बच्चे को गिराने का दावा पूरी तरह फर्जी, झूठा और भ्रामक है। ऐसी कोई परंपरा राजस्थान की संस्कृति में मौजूद नहीं है।' दरअसल, वर्चुअल दुनिया में चल रही कंटेन्ट परोसने की आपाधापी के चलते ऐसी मनगढ़ंत बातों वाले वीडियो हर ओर छाए हुए हैं। रीत-रिवाज से लेकर आध्यात्म और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जानकारियों तक को मनचाहे ढंग से साझा करने का यह दुस्साहस अति पार कर रहा है। कभी मज़ाक बनाना तो कभी सनसनी फैलाना ही बहुत से कंटेन्ट क्रियेटर्स का उद्देश्य रह गया है। जबकि ऐसी भ्रामक बातों का जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लोगों की तीखी प्रतिक्रियाओं और रोष को संभालना मुश्किल हो जाता है।

इतना ही नहीं, बहुत से लोग संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था पर सवाल भी उठाने लगते हैं। यही वजह है कि राजस्थान में ऐसा कोई रिवाज होने की बात कहते इस वीडियो को लेकर भी पुलिस द्वारा लोगों से ऐसी अफवाहों और भ्रामक वीडियो पर ध्यान न देने की अपील की गई। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि ऐसी फर्जी खबरें फैलाना कानूनन दंडनीय अपराध है। सवाल यह है कि बेवजह बवाल मचाने वाली बातें करने की यह सोच क्यों बढ़ रही है? फेक जानकारियां और भ्रामक सूचनाएं फैलाने का बर्ताव क्यों विस्तार पा रहा है। जिस देश में सचमुच कई तरह की कुप्रथाएं आज भी स्त्रियों की जिंदगी मुश्किल बनाए हुए हैं, वहां ऐसी किसी कुप्रथा से जोड़कर गैर-जिम्मेदाराना बातें करना वाकई अपराध से कम नहीं। हालांकि लाइक, कमेन्ट या व्यूअरशिप बढ़ाने के लिए कुछ कह देने वाले बाद में अपनी बातों का खंडन भी करते नजर आते हैं। पीड़ादायी यह है कि एक देश हो या कोई राज्य, दायित्वबोध के बिना कही गईं अनुचित-अर्थहीन बातें समग्र समाज को भ्रमित करती है। मान-सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। यह सच है कि सोशल मीडिया मंच आमजन को अपने विचार रखने के लिए मिले हैं। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता भी हमारे संवैधानिक अधिकारों में शामिल है।कुप्रथाओं पर सवाल उठाना भी उचित है।

अपनी राय देना और किसी विषय पर विमर्श करने को भी देश का हर नागरिक स्वतंत्र है। विचारणीय है तो यह कि सब कुछ कहने की आज़ादी के फेर में निरर्थक बातें ज्यादा होने लगी हैं। इस दुस्साहस के अनगिनत नुकसान हैं।आवश्यक है कि क्लिक भर में संसार के कोने-कोने में पहुंच जाने वाली वर्चुअल सामग्री से जुड़े जोखिमों को समझने का ठहराव बरता जाए। एक बार वायरल हो जाने के बाद सोशल मीडिया मंचों से तस्वीरों, वीडियो या सामग्री को हटाना भी बेहद मुश्किल काम होता है। संयम और मानवीय जिम्मेदारी की सोच के साथ इनका उपयोग किया जाए। साथ ही स्वनुशासन को भूल सीमाओं को लांघकर भ्रामक सूचना फैलाने या आपसी संवाद में आधारहीन बातों को साझा करने वालों को उचित दंड भी दिया जाए।

*( लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# हमारे जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
## दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है।

# जीवन में, सब ईश्वर की दया ही है




संकलित
## प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाज में शिक्षकों की भूमिका

यद्यपि हिंदी दिवस को हिंदी की तरह ही शिक्षक दिवस को भी शिक्षक के लिए प्रशंसा व महत्वपूर्ण उल्लेखों की बाढ़ आ जाती है, किन्तु शिक्षक की भूमिका समाज में कहीं अधिक सक्रिय, व्यापक तथा जीवंत रहती है और संपूर्ण बरस सामाजिक सोच की रडार के दायरे में रहती है। सर्वप्रथम भारतरत्न से तीन अध्यापकों को पुरस्कृत किया गया था। डा. राधाकृष्णन दार्शनिक शिक्षक, सीवी रमण वैज्ञानिक शिक्षक, राजगोपालाचारी लेखक शिक्षक को 1954 में अलंकृत किया गया उच्चतम सम्मान से। डा. अब्दुल कलाम, राष्ट्रपति-वैज्ञानिक-शिक्षक से पूछा गया कि पुनर्जन्म पर वे क्या बनना चाहेंगे, डा. कलाम का जवाब था एक शिक्षक। अपने भाषण के अंत में वे श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर देने में शिक्षक की महत्ता को प्रतिपादित करते रहे। -**परेश चौहान**, महासमुंद

## करंट अफेयर

# यूक्रेन संघर्ष ग्लोबल साउथ पर डाल रहा असर : भारत

भारत ने यूक्रेन संघर्ष के 'परोक्ष प्रभावों' खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थायी शांति लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा, ''भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता।'' संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति' विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि ''भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।



## ऑफ बीट

# अगर मन बदल जाए तो दिमाग क्या सोचता है

मनोवैज्ञानिक शोध के अनुसार, मन बदलने की प्रक्रिया को समझने के लिए 'मेटाकॉग्निशन' की अवधारणा का उपयोग किया जाता है। सरल शब्दों में, मेटाकॉग्निशन वे मानसिक और जैविक प्रक्रियाएं हैं, जो हमें बताती हैं कि हम किसी कार्य को कितना सही कर रहे हैं-जैसे हमारे भीतर की आवाज़ जो कहती है कि ''कुछ गड़बड़ है'' या ''सब ठीक चल रहा है।''आमतौर पर, जब हमें अपनी पहली पसंद पर भरोसा कम होता है, तब हम मन बदलते हैं। लेकिन शोध से पता चला है कि लोग उतनी बार मन नहीं बदलते जितना कि हम सोचते हैं, भले ही वे अपनी पसंद को लेकर असमंजस में हों। हालांकि, जब लोग अपना मन बदलते हैं, तो अक्सर वे बेहतर निर्णय लेते हैं। इस निर्णय क्षमता को ''मेटाकॉग्निटिव सेंसिटिविटी'' कहा जाता है। शोध में यह भी पाया गया है कि जब लोगों को समय की कमी में निर्णय लेना पड़ता है, तब वे बेहतर ढंग से तय कर पाते हैं कि उन्हें मन बदलना चाहिए या नहीं। मन बदलने से पहले ही दिखने लगती है मस्तिष्क की गतिविधि एक और दिलचस्प सवाल यह है कि हम कब मन बदलते हैं? ज़ाहिर है, यह पहली पसंद के बाद ही हो सकता है। लेकिन प्रयोगशाला में किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों के मस्तिष्क की गतिविधि को पहली पसंद से पहले ही मापा और कुछ सेकंड पहले ही यह अनुमान लगाया जा सका कि वे मन बदलने वाले हैं।



## ट्रेंड

### पंजाब में जलप्रलय



पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। फसलें तबाह और बर्बाद हो गई हैं। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएँ बनानी होंगी।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### जयंती पर नमन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिक्षक अनुशासन, सम्मान और समानता का पाठ पढ़ाकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारते हैं और समाज की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आपदा में बह गए निर्माण



आपदा रुकने का नाम नहीं ले रहीं है। हमारे सालों के खून पसीने की कमाई स्वाहा हो रही है। जिंदगी लगाकर जिन घरों को बनाया, जिन सड़कों और पुलों का निर्माण किया आपदा के साथ बह गए।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जुनून की परीक्षा



ब्रह्मांड का अपना तरीका है। जुनून जितना ज़्यादा होगा, मुश्किलें उतनी ही ज़्यादा होंगी। क्योंकि ब्रह्मांड बस आपके जुनून की परीक्षा लेना चाहता है। इसलिए जान लीजिए कि मुश्किलें कब नामुमकिन हैं। ब्रह्मांड आपके साथ है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने पहले ही कर दिया है वर्गीकृत

# अंबानी-आरकॉम की मुश्किलें बढ़ीं, अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने घोषित किया फ्रॉड

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। एक नियामक फाइलिंग के अनुसार उनपर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आरकॉम ने कहा कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से 2 सितंबर को एक पत्र मिला है जिसमें कंपनी और उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के निर्णय की जानकारी दी गई है।

### 2017 में ही खातों को घोषित कर दिया था एनपीए

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। आरकॉम की ओर से नियामकीय फाइलिंग में जारी बैंकों के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। पत्र में कहा गया है, 'इस खाते को 5 जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।' आरकॉम नियंत्रण और अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा है कि वर्तमान में एनसीएलटी की ओर से अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना अस्तित्व में नहीं है।

### 12 साल से अधिक पुराना मामला

बैंक ने बताया है कि धोखाधड़ी की घोषणा फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के निष्कर्षों व टिप्पणियों पर आधारित है। उनके अनुसार ऐसा करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों तहत है। अंबानी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्रवाई 12 साल से भी अधिक पुराने मामलों में की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि अनिल अंबानी 2006 में आरकॉम की स्थापना से लेकर 2019 में बोर्ड से इस्तीफा देने तक (यानी छह साल पहले तक) बोर्ड में एक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत थे। बयान में कहा गया है कि अंबानी ने सभी आरोपों और अभियोगों से स्पष्ट रूप से इनकार किया है। उन्होंने कहा है कि वे कानूनी सलाह के अनुसार उपलब्ध उपायों पर आगे बढ़ेंगे।

60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में मुंबई पुलिस का बड़ा एक्शन

# बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट नोटिस

एजेंसी ▶▶| मुंबई



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस मुंबई पुलिस ने जारी किया है। मुंबई पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में की गई है। नोटिस अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ है। मामले में अधिक जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने यह लुक आउट सर्कुलर जारी किया है, क्योंकि यह दंपति अक्सर अंतरराष्ट्रीय यात्राएं करता रहता है। अभिनेत्री और मॉडल शिल्पा शेट्टी नवंबर, 2009 में राज कुंद्रा के साथ विवाह बंधन में बंधी थीं।

### यह है मामला

मुंबई पुलिस के अनुसा बॉलीवुड की अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति के खिलाफ 14 अगस्त को जुहू पुलिस स्टेशन एक केस दर्ज किया गया था। यह केस एक कारोबारी से लोन कम निवेश सौदे में लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है। लुकआउट सर्कुलर एक ऐसी नोटिस होती है जो संबंधित व्यक्ति को देश छोड़ने से रोकती है। इसके जरिए इंफोर्समेंट एजेंसी एमीग्रेशन और सीमा नियंत्रण चौकियों को अलर्ट करती हैं। राज कंद्रा और शिल्पा शेट्टी के खिलाफ दर्ज हुए मामले की जांच मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) कर रही है।

### एक व्यापारी ने लगाया है आरोप

शिकायतकर्ता व्यापारी दीपक कोठारी का आरोप है कि साल 2015 से 2023 के बीच शिल्पा और राज ने बिजनेस बढ़ाने के नाम पर उनसे 60 करोड़ रुपये लिए थे। यह रकम बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के जरिए ली गई थी। शुरुआत में इसे लोन बताकर पैसे मांगे गए थे, लेकिन बाद में टैक्स बचाने का हवाला देकर इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में दिखाया गया। कोठारी का कहना है कि उन्हें मीटिंग में आश्वासन दिया गया था कि तय समय में 12% सालाना ब्याज के साथ पैसे लौटा दिए जाएंगे, लेकिन कंपनी के नाम लिए गए रुपये निजी खर्चों में उड़ा दिए गए।

## खबर संक्षेप

### घर-घर जाकर विकास के बारे में बताएं : नीतीश




**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना जिले में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित 1159 करोड़ 84 लाख रुपए लागत की कुल 17 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होने पालीगंज के सिकरिया ग्राम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। सीएम नीतीश में कार्यकर्ताओं से कहा कि वे घर-घर जाकर बिहार के विकास के बारे में बताएं। अब कुछ ही दिनों में चुनाव होने हैं, इसीलिए आप सभी सक्रिय रहें। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। अतिपिछड़ा समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में नीतीश सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से इसका शुभारंभ किया गया। यह यात्रा प्रदेश के विभिन्न विधानसभाओं में जाकर बूथ स्तर पर नीतीश सरकार द्वारा अतिपिछड़ा वर्ग के लिए चलाई गई विकासात्मक योजनाओं और ऐतिहासिक पहलों की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाएगी।

सीडीएस चौहान ने भारत के लिए गिनाए बड़े खतरे

# सबसे बड़ी चुनौती है चीन के साथ सीमा विवाद

एजेंसी ▶▶| गोरखपुर

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को गोरखपुर में एक कार्यक्रम के दौरान 'भारत के सामने सुरक्षा चुनौतियां' विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के सामने चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा, 'देशों के सामने चुनौतियां क्षणिक नहीं होतीं; वे अलग-अलग रूपों में मौजूद रहती हैं। मेरा मानना है कि चीन के साथ सीमा विवाद भारत की सबसे बड़ी चुनौती है और यह आगे भी बनी रहेगी। दूसरी बड़ी चुनौती पाकिस्तान की प्रॉक्सी युद्ध की रणनीति है, जिसे वह हजार घावों से भारत को कमजोर करने की रणनीति कहता है। क्षेत्रीय अस्थिरता भी चिंता का विषय है, क्योंकि भारत के लगभग सभी पड़ोसी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अशांति का सामना कर रहे हैं। एक अन्य चुनौती यह है कि युद्ध के क्षेत्र बदल गए हैं- अब इसमें साइबर और स्पेस डोमेन भी शामिल हैं। हमारे दोनों विरोधी (चीन और पाकिस्तान) परमाणु शक्ति संपन्न हैं, और उनके खिलाफ किस तरह के ऑपरेशन करने हैं, यह तय करना हमेशा एक चुनौती रहेगी।'



### युद्ध और जियोपॉलिटिक्स अलग नहीं

युद्ध और जियोपॉलिटिक्स को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता और युद्ध 'राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को हासिल करने का एक माध्यम है। उन्होंने मई में पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव का भी जिक्र किया। सीडीएस चौहान ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पूर्ण स्वतंत्रता थी, जिसमें हमले की योजना बनाने से लेकर लक्ष्यों का चयन तक शामिल था। इस ऑपरेशन का उद्देश्य सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना नहीं, बल्कि हमारी सहनशक्ति की सीमा रेखा खींचना था। यह एक मल्टी-डोमेन ऑपरेशन था, जिसमें साइबर वॉर भी शामिल था। मिलिट्री विंग्स के बीच कोऑर्डिनेशन और जॉइंट मोबिलाइजेशन इसका महत्वपूर्ण पहलू था।'

### बालाकोट के बाद भारत ने बदली वॉर स्ट्रैटेजी

जनरल चौहान ने कहा, 'बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने सबक सीखा। भारत ने लंबी दूरी के सटीक हमलों पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि पाकिस्तान ने संभवतः अपनी हवाई रक्षा पर जोर दिया। उरी आतंकी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक में हमने जमीन के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश कर आतंकी शिविरों को नष्ट किया था। पुलवामा के बाद हमने खैबर पख्तूनख्वा में टारगेट सेट करके हवाई हमले किए। जब पहलगाम आतंकी हमला हुआ, तब तक हमने अपनी सटीक हमले की क्षमता को बढ़ा लिया था।'

### मणिपुर में पर्यटन करने जा रहे हैं पीएम : राउत

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने मणिपुर का दौरा कर सकते हैं। वहां हुई हिंसा के बाद पीएम का ये पहला दौरा होने वाला है। इस पर शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मणिपुर जा रहे हैं तो बड़ी बात है क्या, प्रधानमंत्री हैं, दो तीन साल के बाद जा रहे हैं। जब मणिपुर जल रहा था, हिंसा भड़क रही थी तब जाने की हिम्मत नहीं की। अब प्रधानमंत्री पद से पीएम मोदी के जाने का समय हो गया है तो वहां पर्यटन करने जा रहे हैं। विपक्ष ने पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए कहा था कि उनके पास मणिपुर जाने का समय नहीं है। आइजोल में अधिकारियों के अनुसार, पीएम मोदी मिजोरम का दौरा करने के बाद 13 सितंबर को मणिपुर पहुंचेंगे, जहां वह रेलवे की एक परियोजना का उद्घाटन करेंगे। हालांकि, नई दिल्ली या इंफाल से इस यात्रा की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बीजेपी की मणिपुर इकाई ने भी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस बीच मणिपुर के चुराचांदपुर जिले को 'ड्रोन निषिद्ध क्षेत्र' घोषित किया गया है। जिलाधिकारी धरुण कुमार एस द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, 'वीवीआईपी के दौरे के दौरान' सुरक्षा कड़ी करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

# ट्रंप के सलाहकार नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने सख्ती से किया खारिज



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और व्हाइट हाउस ट्रेड के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों से गुजरा है, लेकिन हमेशा मजबूत रहा है। भारत चाहता है कि यह साझेदारी आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ती रहे। उन्होंने एच-1बी वीजा के मामले में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच गतिशीलता साझेदारी इस रिश्ते का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

### क्वाड और यूक्रेन पर भारत का रुख

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापारिक मुद्दों पर लगातार बातचीत कर रहा है। उन्होंने क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) को साझा हितों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया और कहा कि इसका अगला नेताओं का शिखर सम्मेलन सदस्य देशों के बीच राजनयिक परामर्श के बाद तय होगा।

### यह कहा था नवारो ने

ट्रंप के करीबी नवारो ने हाल ही में तेल खरीदने के लिए भारत की आलोचना की और कहा था कि यह कदम यूक्रेन संघर्ष को बढ़ावा दे रहा है। भारत यूरोप, अफ्रीका और एशिया के बाजारों में रूसी तेल बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा है। रूसी तेल खरीद के कारण भारत में सिर्फ ब्राह्मण ही मुनाफाखोरी कर रहे हैं।

### सरकार के एजेंडे में रोजगार शामिल नहीं



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र की भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के एजेंडे में रोजगार शामिल ही नहीं है। ये सरकार सरकारी संस्थानों को खत्म कर रही है। पढ़ाई-लिखाई कमजोर करने की साजिश है, ताकि लोग सवाल न कर सकें।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए हर तरह की जुगाड़बाजी कर रही है।


## राशिफल


**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।


**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास करें।


**तुला** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

बहुत विवादास्पद मैसेज किया था पोस्ट

# ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री के एक्स खाते को सरकार ने किया बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारत को तोड़ने की बात करने वाले ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुंथर फेहलिंगर-जहान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट को सरकार ने ब्लॉक कर दिया है। दरअसल जहान ने अपने एक्स अकाउंट से भारत को तोड़ने की बात करते हुए एक विवादास्पद मैसेज शेयर किया था। जिसकी जानकारी मिलते ही भारत सरकार के गृह मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस वायरल पोस्ट को नोटिस किया और एक्स को भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए खाते तक पहुंच रोकने का निर्देश दिया। तब से भारत में यह खाता बैन कर दिया गया है। फेहलिंगर-जहान ने एक्स पर लिखा, 'मैं भारत को तोड़कर एक्स इंडिया बनाने का आह्वान करता हूं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के आदमी हैं। हमें खालिस्तान के लिए आजादी चाहने वाले दोस्तों की जरूरत है।'ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री फेहलिंगर वर्तमान में जैन, यूक्रेन, कोसोवो, बोस्निया और ऑस्ट्रिया की नाटो सदस्यता के लिए ऑस्ट्रियाई समिति के अध्यक्ष है। वो दक्षिणी बाल्कन के क्षेत्रीय आर्थिक संघ के लिए कार्य समूह के बोर्ड में भी शामिल है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने इस मामले को लेकर कहा है कि इस मामले को लेकर इतना ध्यान नहीं देना है। वो पागल है उसके पास आस्ट्रिया का कोई आधिकारिक पद नहीं है। वहीं फेहलिंगर की पोस्ट के बाद लोगों की नाराजगी भरी प्रतिक्रियाएं सामने आईं।

# भारत में पहली टेस्ला कार की डिलीवरी, पोते को करेंगे गिफ्ट

महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री सरनाईक बने पहले ग्राहक खरीदी मॉडल वाय




**मुंबई।** दुनिया के सबसे रईस शख्स एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने शुक्रवार को भारतीय बाजार में अपनी पहली कार 'टेस्ला मॉडल वाय' के पहले यूनिट की डिलीवरी की है। कंपनी ने इस कार की डिलीवरी मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित हाल ही में खुले 'टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर' से की है। भारत में टेस्ला की आधिकारिक एंट्री के बाद पहले कार के मालिक महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक बने हैं। उन्होंनें कंपनी के आधिकारिक आउटलेट से सीधे टेस्ला कार की डिलीवरी ली है। रिपोर्ट के मुताबिक सरनाईक ने जुलाई में कंपनी का पहला शोरूम खुलने के तुरंत बाद मॉडल वाय कार को बुक किया था। बता दें कि, टेस्ला ने 15 जुलाई को भारत में आधिकारिक एंट्री का ऐलान किया था और देश में अपना पहला शोरूम मुंबई में शुरू किया। इस शोरूम को कंपनी 'टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर' भी कहती है, जहां ग्राहकों को कार को करीब से देखने और समझने का मौका मिलता है।

### पोते को गिफ्ट करेंगे यह कार

टेस्ला मॉडल वाय की डिलीवरी लेते वक्त शिवसेना नेता सरनाईक ने कहा, 'मैंने टेस्ला की डिलीवरी इसलिए ली है ताकि नागरिकों, खासकर युवाओं में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर जागरूकता फैलाई जा सके। मैं इस कार को अपने पोते को उपहार में देने जा रहा हूं ताकि वह बचपन से ही स्थायी परिवहन के महत्व को समझ सके।' सरनाईक ने बताया कि राज्य ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने अटल सेतु और समृद्धि एक्सप्रेसवे पर टोल छूट शामिल है।


# शास्त्र विश्वविद्यालय के डीन को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार




**तंजावुर।** कंप्यूटिंग के डीन और प्रोफेसर डॉ. शंकर श्रीराम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त किया।

डॉ. श्रीराम इंजीनियरिंग शिक्षा श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले तमिलनाडु के एकमात्र शिक्षक हैं। इस पुरस्कार में सम्मान प्रमाण पत्र, पदक, 50,000 रुपये की नकद राशि शामिल है और इसे शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक शानदार समारोह में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 21 शिक्षकों को प्रदान किया गया। भारत के प्रधानमंत्री ने कल पुरस्कार विजेता शिक्षकों के साथ रात्रिभोज पर बातचीत की और मंत्री प्रधान ने भी 5 सितंबर को स्कूल शिक्षकों सहित सभी विजेताओं को बधाई देने के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया।

## शब्द पहेली - 5980



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5979 का हल



## सूडोकू नवताल - 5990

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5989 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

### नाराज हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

# बस्तर में पुलिया टूटी, जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे स्टूडेंट्स

**बिलासपुर।** बस्तर के दंतेवाड़ा और आसपास के जिलों में बच्चे टूटी पुलिया और उफनती नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह बच्चों की जिंदगी से जुड़ा संवेदनशील मामला है। लंबे समय तक ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस गंभीर मामले पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि, पुल निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। तकनीकी आपत्तियों का समाधान कर संशोधित डीपीआर 20 अगस्त को गृह मंत्रालय को भेज दी गई है।



कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि, बच्चों की जान को जोखिम में डालना अस्वीकार्य है। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। मामला मीडिया रिपोर्ट के बाद सामने आया था, जिसमें स्कूली बच्चों की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए। बच्चे पानी से भरी नदी पार कर स्कूल पहुंच रहे थे। कोर्ट ने इसे बच्चों की जान से जुड़ा मामला मानते हुए स्वतः संज्ञान में लिया।

### बड़े पुल का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा गया

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल ने जानकारी दी कि, केंद्र सरकार को बड़े पुल के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। तकनीकी जांच के बाद 12 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया था। कांकेर कलेक्टर ने जवाब भेजकर प्रस्ताव संशोधित किया। 20 अगस्त को संशोधित डीपीआर गृह मंत्रालय, भारत सरकार को भेज दी गई है। मंजूरी मिलते ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर पुल निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। हाईकोर्ट ने कहा कि अखबारों में लगातार यह खबरें छप रही हैं कि बच्चे जान जोखिम में डालकर नदी पार कर स्कूल जाते हैं। यह स्थिति असहनीय है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह केंद्र से हुई बातचीत और अब तक की कार्रवाई पर नया हलफनामा दाखिल करे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को तय की है। तब तक राज्य सरकार को केंद्र की ओर से हुई प्रगति की जानकारी पेश करनी होगी।

### प्राचार्य से 16 साल बाद वसूली गलत- हाईकोर्ट

हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी वेतन वसूली के आदेश को खारिज करते हुए कर्मचारी को बड़ी राहत दी है। जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच ने अपने आदेश में लिखा है कि 16 साल बाद की जाने वाली वसूली पूरी तरह से अनुचित, अन्यायपूर्ण और कानून के विरुद्ध है। मामला शिक्षक गोपाल प्रसाद नायक का है, वे वर्ष 1996 में तकनीकी शिक्षा विभाग में व्याख्याता के रूप में नियुक्त हुए और पदोन्नति पाकर प्राचार्य के पद तक पहुंचे। विभाग ने 21 दिसंबर 2022 को आदेश जारी कर यह कहते हुए उनके वेतन से वसूली शुरू कर दी कि 2006 से उसे अधिक वेतन दिया गया है। वेतन निर्धारण विभागीय अधिकारियों ने ही वैध आदेशों के तहत किया था और इसमें कर्मचारी की कोई भूमिका नहीं थी। रिकवरी आदेश को चुनौती देते हुए प्रिंसिपल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे स्वीकार कर लिया।

## छग में 14 वें मंत्री का विरोध करते हुए हाईकोर्ट में दूसरी याचिका दायर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर हाईकोर्ट में नई याचिका दाखिल की गई है। कांग्रेस की ओर से संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने यह याचिका लगाई है। जिसमें 11 से 14 मंत्री बनाए जाने पर आपत्ति जताई गई है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी इसी मामले में एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में विचाराधीन है। नई याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी।

■ कांग्रेस संचार प्रमुख ने जताई मंत्रीमंडल पर आपत्ति

याचिका में कहा गया है कि नियम के अनुसार प्रदेश में मंत्रियों की संख्या विधायकों की संख्या के 15% से ज्यादा नहीं हो सकती। 90 सीटों के हिसाब से इसका अनुपात 13.5 आता है। इस आधार पर आपत्ति जताई गई है। वहीं भाजपा ने हरियाणा फॉर्मूले का हवाला दिया है। दरअसल, संविधान के अनुच्छेद 164(1A) के अनुसार, किसी राज्य में मंत्रियों की संख्या विधानसभा सदस्यों की कुल संख्या के 15% से अधिक नहीं हो सकती। छत्तीसगढ़ में 90 विधायक हैं, इसलिए अधिकतम 13.5 यानी 13 मंत्री ही बनाए जा सकते हैं। 14वें मंत्री की नियुक्ति इसी सीमा के उल्लंघन को लेकर विवाद में है। भाजपा इसे लेकर हरियाणा में लागू फॉर्मूले का हवाला दे रही है। हरियाणा में वर्तमान में 90 विधायक हैं और उसके अनुसार 13.5 विधायक मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री सहित 14 मंत्रियों को कैबिनेट में जगह दी है। कांग्रेस का कहना है कि यह संविधान के अनुच्छेद 164 (1क) का उल्लंघन है। अब इसे लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता बसदेव चक्रवर्ती ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई है।

## कार्यालय नगर पंचायत नरियरा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

E-Mail ID- npnariyaracmo@gmail.com

क्रमांक/783/निविदा/न.पं./2025-26 **प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना** नरियरा दिनांक 04/09/2025

नगर पंचायत नरियरा में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु फार्म-एफ (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. | S.T. No. | कार्य का विवरण | निविदा प्रारम्भ तिथि | निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज परीक्षण की तिथि | निविदा खोलने की तिथि | Tender Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 174922 | Design, Construction, Testing, Commissioning and setting up of Material Recovery Facility (MRF) & Compost Plant in Municipal Areas of Nariyara, Chhattisgarh, 1st Call, Rs. 57.88 Lacs | 04.09.2025 /19:00 बजे | 29.09.2025 /17:00 बजे | 01.10.2025 16:00 बजे | 01.10.2025/ 17:00 बजे | "F" |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in/www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत नरियरा**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जीएसटी दर में कमी...

*कर प्रणाली लाने का काम किया गया। यह प्रणाली जब आज अच्छी हो गई तो इसको दूसरे रूप में रिफार्म करने का काम किया गया है। आज अगर मोदी जी नहीं होते तो ऐसा फैसला करने का साहस और कोई नहीं कर सकता था। 1947 से 2017 तक के 70 सालों में कुल 66 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष टैक्स से जोड़ पाए। 2017 से 2025 तक के आठ साल में हम 85 लाख टैक्स देने वाले जोड़ पाए हैं।*

*ऐलान के बाद फैसले के लिए बने मंत्रियों के समूह में आप भी थे, बताएं, कितने घबरा कर उस बैठक में गए थे?*

*कमेटी पहले से बनी हुई है। उस कमेटी में विचार पहले से चल रहा था कि किस वस्तु पर दर कम करनी चाहिए। यह बात सही है कि टैक्स का रेट कम किया गया है तो राज्यों में कुछ समय के लिए टैक्स में जरूर कमी आती दिखेगी, लेकिन यह बात भी है कि वह पैसा आम आदमी की जेब में जाएगा। ऐसे में आम आदमी की खरीदी की क्षमता बढ़ जाएगी। इससे टैक्स में भी इजाफा होगा। जहां तक विपक्ष का सवाल है तो उसका स्टैंडर्ड डबल स्टैंड वाला होता है। बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने सर्वसम्मति बनाने का काम किया।*

*केंद्र सरकार को अपनी जेब से कितनी कटौती करनी पड़ी, सेस भी गायब हो गया, इसका कितना फर्क पड़ेगा?*

*केंद्र सरकार को इससे नुकसान भी हो रहा है, लेकिन इसके बाद भी ऐसे-ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। सेस की जहां तक बात है कोयले पर चार प्रतिशत सेस लगता है। ये सेस विशेष मकसद से लगाया गया था। कोरोना के समय केंद्र और राज्यों का राजस्व गिर गया था। राज्यों के नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार ने ऋण लिया था। उसको चुकाने के काम में सेस आता है। अक्टूबर 2025 तक यह ऋण पूरा हो जाएगा, इसलिए अब सेस की जरूरत नहीं रहेगी। कोयले पर जो सेस लिया जाता है, वह भारत सरकार के खाते में जाता है, अब जीएसटी में आने के कारण इसका 50 फीसदी राज्यों को मिलेगा। एक अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ सरकार को भी इससे दो से तीन हजार करोड़ हर साल मिलेंगे।*

*बैठक में कौन से ऐसे विषय थे जो करना तो चाहते थे, लेकिन सहमति नहीं बन पाई?*

*ऐसा कोई भी विषय इस बार जीएसटी काउंसिल में नहीं रहा जिस पर सहमति नहीं बन सकी हो और उसको अगली बार के लिए छोड़ दिया गया हो।*

*टैक्स अधिकारियों के टेरर को लेकर कोई बात हुई क्या इससे व्यापारियों को कैसे राहत दिलाए?*

*कोई भी टैक्स देने वाला कंफर्ट जोन में होना चाहिए, यह तय करना सबकी जिम्मेदारी है। मैं अपने अधिकारियों को कहता हूं कि अगर किसी के टैक्स देने में दस-बीस प्रतिशत की कमी भी है तो ऐसे केस को देखो ही मत। लेकिन जो लोग सैकड़ों फर्जी फर्म बनाकर काम करते हैं, सरकार के करोड़ों रुपए संगठित अपराध करके लूटने का काम करते हैं, उनको किसी भी हाल में छोड़ना नहीं है।*

*विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था की और के लिए कोई लक्ष्य तय है क्या?*

*प्रधानमंत्री ने इसके लिए जो लक्ष्य तय किया उससे तय है कि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। राज्य भी इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। हम भी प्रयास कर रहे हैं कि 2047 तक छत्तीसगढ़ कैसे विकसित राज्य बनेगा।*

### अयान के इशारों पर...

ड्रग खपाने विधि कस्टमर की तलाश करने सैफ चिल्ला की मदद लेती थी। आफ्टर पार्टी आयोजित कर विधि नए कस्टमर की तलाश कर उन्हें नशे का आदी बनाती थी।

### जल जीवन मिशन...

कि यदि कोई ठेकेदार या एजेंसी आगे भी लापरवाही बरतेगी या प्रगति में सुधार नहीं करेगी, तो उनके खिलाफ और सख्त कदम उठाए जाएंगे। जिसमें ब्लैक लिस्टिंग के अलावा वास्तविक प्रगति का मूल्यांकन और ठोस कार्रवाई शामिल होगी। कलेक्टर ने जोर देकर कहा, जल जीवन मिशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान यह सामने आया कि ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों ने नोटिस जारी करने के बावजूद कार्यों में कोई प्रगति नहीं दिखाई। इन ठेकेदारों को 16 ग्रामों के टेंडर सौंपे गए थे, लेकिन उन्होंने कार्य शुरू नहीं किया या अधर में छोड़ दिया। ब्लैक लिस्टिंग का मुख्य आधार कार्यों में उदासीनता, समय पर पूर्ण न करना और योजना की भावना के विपरीत व्यवहार रहा। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए। जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पालकों ने बच्चों को...

अधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर को इसकी सूचना दी। उन्होंने वहां मृत पड़े कोयल और नींबू- सिंदूर की सफाई करवाई। उसके बाद भी विद्यार्थी इतने भयभीत थे कि वे क्लास में जाने तैयार नहीं थे। तभी वहां के एक शिक्षक ने विद्यार्थियों में अंधविश्वास की भावना दूर करने खुद ही अगरबत्ती जलाई और पूजा अर्चना की। हालांकि यह चर्चा है कि शिक्षक ने किसी बैगा को बुलवाया और उसने कपूर, अगरबत्ती आदि क्रिया कर इस बलि का काट होना बताया और उसके लिए स्कूल से पैसे का भी भुगतान किया गया। उसके बाद विद्यार्थी क्लास में गए और पढ़ाई शुरू हो पाई। शरारती तत्वों का काम, पुलिस कर रही जांच-शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक शरारती तत्वों का यह काम है। अनावश्यक माहौल खराब करने की कोशिश है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि शरारती तत्वों के बारे में जानकारी मिल सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोगों को देखा जा रहा है, जो रात के अंधेरे में आते हैं। शाम को भी उनका जमावड़ा बना रहता है। घटना के बाद से वे नजर नहीं आए हैं। बहरहाल मामले में जांच जारी है।

### 3.50 लाख किसानों ...

पंजीकरण अनिवार्य है, और यह पंजीकरण किसानों को भूमि रिकॉर्ड, आय, फसल और बीमा इतिहास से जुड़ी जानकारी का एक संपूर्ण डेटाबेस बनाने में मदद करता है। एग्रीस्टैक भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए एक डिजिटल फाउंडेशन है, जो किसानों के डेटा को व्यवस्थित करने और एकीकृत करने के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य किसानों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना है।

### साढ़े तीन लाख ...

अब अपने क्षेत्र की सोसाइटियों में जाकर एग्रीस्टैक पंजीयन 10 सितंबर से करवा सकेंगे। इस बदलाव के लिए केंद्र सरकार सहूलियत दी है। वजह ये है कि सोसाइटी क्षेत्र के सभी किसानों डाटा सोसाइटियों के पास पहले ही मौजूद है।

### छत्तीसगढ़ में थी अब...

इसी तरह राज्य में पिछले साल 25 लाख 49 हजार किसानों ने धान बेचा था, इनका डाटा राज्य और केंद्र के पास है, लेकिन इसके बावजूद करीब साढ़े तीन लाख किसानों का एग्रीस्टैक में पंजीयन नहीं हो पा रहा था।

### अजित पवार ने ...

दलों ने इसे सत्ता के दुरुपयोग का मामला बताते हुए डिप्टी सीएम से इस्तीफे की मांग की है। अजित बोले- मेरा चेहरा तो पहचानोगी ना! इस पर अजित पवार नाराज हो गए और उन्होंने कहा, तुम पर कार्रवाई करूंगा, इतनी हिम्मत है तुम्हारी? मेरा चेहरा तो पहचानोगी ना! इसके बाद अजित पवार ने डीएसपी को वीडियो कॉल किया। वीडियो कॉल पर उन्होंने अधिकारी को कार्रवाई रोकने और तहसीलदार से बात करने का निर्देश दिया। यह पूरा घटनाक्रम लगभग तीन घंटे तक चला और अब इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने सच्चाई की बयां-वहीं ग्रामीणों का दावा था कि यह उत्खनन ग्राम पंचायत की अनुमति से हो रहा था, लेकिन वे कोई भी आधिकारिक दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। इसके बाद महिला आईपीएस अधिकारी अंजना कृष्णा ने अपनी कार्रवाई शुरू की। फिलहाल, इस मामले में पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। डीएसपी अंजना कृष्णा, तहसीलदार और प्रांताधिकारी ने इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है, सिर्फ इतना कहा है कि मामले की जांच की जा रही है। पार्टी का दावा- वीडियो जानबूझकर लीक किया गया- एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि घटना दो दिन पुरानी है। वीडियो जानबूझकर लीक किया गया है। अजित पवार का इरादा कार्रवाई रोकने का नहीं था, बल्कि हो सकता है कि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को शांत करने के लिए अधिकारी को डांटा हो। तटकरे ने कहा कि अजित पवार अपनी सीधी बात कहने के लिए जाने जाते हैं। कभी भी किसी भी अवैध गतिविधि का समर्थन नहीं करते हैं।

### महतारी वंदन ...

क्लिक से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनके आत्मसम्मान को सशक्त करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आर्थिक सहयोग न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि परिवार की आर्थिक मजबूती और सामाजिक सुरक्षा में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कदम उठाती रहेगी। अब तक 12 हजार 376 करोड़ से अधिक बांटे-मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 1 मार्च 2024 से प्रारंभ हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 69 लाख पात्र महिलाओं को प्रतिमाह सीधे उनके बैंक खातों में आर्थिक सहायता दी जा रही है। आज की 19वीं किस्त सहित अब तक कुल 12,376.19 करोड़ रुपये की राशि हितग्राहियों तक पहुँचाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में अभूतपूर्व भूमिका निभा रही है।

### परिवार को मिल रही है...

कि योजना का प्रभाव न केवल महिलाओं तक सीमित है, बल्कि इससे पूरे परिवार को मजबूती मिल रही है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि महिलाओं के विकास, सुरक्षा और स्वाभिमान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महतारी वंदन योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय फोन नम्बर- 07857-230261 ईमेल :-cmobch@rediffmail.com

क्रमांक / 1091 / तक. शा./न.पा. प / 2025-26 बड़े बचेली, दिनांक :- 04/09/2025

**// ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा सूचना //**

**Main Portal : (https://eproc.cgstate.gov.in)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षमं श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है :-

| क्र. | ई-टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | वार्ड क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | टेंडर डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 174935 | Provoiding Of RAW water Supplies item, Filter water supplies item | All ward | 43.99 | 19.09.2025 |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.inसे डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी निविदा वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली**
**जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

## FEDERAL BANK — आम सूचना

YOUR PERFECT BANKING PARTNER

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लिखित खाते/खातों में स्वर्ण आभूषणों को फेडरल बैंक लिमिटेड, **रायपुर मुख्य शाखा, रायपुर/शंकर नगर शाखा, भिलाई शाखा** तथा **बिलासपुर शाखा** द्वारा **20.09.2025** या किसी भी बाद की तिथि/दिनों को नीचे दर्शाई गई शाखाओं में निजी बिक्री के लिए रखा जाएगा क्योंकि संबंधित उधारकर्ता गिरवी रखी वस्तुओं को भुनाने/ऋण खाते/खातों को नियमित करने में विफल रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखाओं से संपर्क किया जा सकता है।

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| हेमलता सिंह | 14456400006985, 14456400007017 |
| अजीत कुमार झा | 14456100039062 |

**नीलामी/निजी बिक्री 20.09.2025 को की जाएगी। रायपुर मुख्य शाखा - एलसी आर्केड, भूतल, वंदना बजाज के पास, आश्रम चौक, रामकुण्ड, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) - 492001, फोन नं. - 0771-2236278**

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| अमित ताम्रकार | 19456400018233 |
| सुरेन्द्र सिंह बेनीपाल | 19455600002294, 19455600002336 |
| दीपक क्षत्रे | 19456400017722 |
| हेमलता सिंह | 19456900000723 |

**नीलामी/निजी बिक्री 20.09.2025 को की जाएगी। रायपुर/शंकर नगर शाखा - 18/1421, कुशल वाटिका, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) - 492007, फोन नं. 07712422900**

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| निधि | 25036400003286, 25036400003294, 25036400003484, 25036400003526, 25036400003666 |
| नेहा चौधरी | 25036400002361 |
| गीता साहू | 25036400003492 |
| समीर कुमार भारती | 25036900000196, 25036900000238 |
| नूतन देवी सिंह | 25036400003617 |
| मुस्कान दुबे | 25036400003674 |
| दीपक कुमार सिंह | 25036400003682, 25036400003690, 25036400003757 |
| हनशेश्वरी राणा | 25036400003708 |
| रामेश्वर सिंह | 25036400003336, 25036400003344 |

**नीलामी/निजी बिक्री 20.09.2025 को की जाएगी। भिलाई शाखा - विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा), दक्षिण गंगोत्री, व्यवसायिक भूखण्ड योजना, सुपेला भिलाई नगर, दुर्ग (छ.ग.)-490023**

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| एस.के. जहांगीर अली | 16666400035564 |
| जय प्रकाश कौशिक | 16666400046066, 16666400048161, 1666640004827, 16666900002932, 16666900002940, 16666900003047 |
| मोहसिन खान | 16666400050555 |

**नीलामी/निजी बिक्री 20.09.2025 को की जाएगी। बिलासपुर शाखा - फेडरल बैंक, गुरूकृपा बिल्डिंग, व्यापार विहार मेन रोड, बिलासपुर (छ.ग.), फोन नं. - 07752-261462**

## Home First Finance Company India Limited

homefirst — We'll take you home

CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

### धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

आप नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया है और आप नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारका/सह-ऋणधारक जमानतदर के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा की गई चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 03-09-2025 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 03-09-2025 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि अपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

| क्रमांक | खाते, उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) का नाम और पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रतिभूति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य व्यय (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | कुसुम तिवारी, विवेक तिवारी | प्लॉट-खं. सं. 1/6(टुकड़ा), पीएच सं. 42, मौजा मेंड्रा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाः उत्तर में - विक्रेता की बचत भूमि, दक्षिण में - विक्रेता की बचत भूमि, पूर्व में - कमलनारायण बारमटे की भूमि, पश्चिम में - चौड़ी सड़क. | 11,42,091 |
| 2. | आदित्य साहू, अजय साहू | फ्लैट-खं. क्रमांक 290/7 (भाग), फोन क्रमांक 45, मौजा सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाः उत्तर में - 39.4 फीट विक्रेता की बचत भूमि, दक्षिण में - 43.11 फीट विक्रेता की बचत भूमि, पूर्व में - 25.5 फीट कार्तिक यादव की भूमि, पश्चिम में - 25 फीट 25 फीट मार्ग. | 10,21,405 |
| 3. | रिंकी सिंह, पूर्णिमा सिंह | मकान-ख.नं. 290/38 (ख.नं. 277/3 के साथ), मौजा सकरी, पी.एच.एन.36, आरएनएम/तह-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.),बिलासपुर,छ.ग.-495001। सीमाः उत्तर में - दुर्गेशपाल की भूमि, दक्षिण में - विक्रेता विश्राम भूमि, पूर्व में - 25 फीट रोड, पश्चिम में - साहू जी की भूमि. | 9,15,028 |
| 4. | कुवर दास मोंगरे, शबरी बाई मोंगरे | मकान-मौजा बिल्हा, खं. सं. 179/59, फोन सं. 17, मौजा बिल्हा, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमा : पूर्व में - गणेश प्रसाद की भूमि, पश्चिम में - गणेश प्रसाद की भूमि, उत्तर में - सड़क, दक्षिण में - गणेश प्रसाद की भूमि. | 8,97,335 |
| 5. | दुर्गेश पाल, गोमती पाल | प्लॉट - मौजा गनियारी, खं. सं. 33/8, फोन सं. 50, मौजा गनियारी, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाः पूर्व में सड़क, पश्चिम में सड़क, उत्तर में सड़क, दक्षिण में विक्रेता की भूमि. | 13,41,149 |
| 6. | रेशमी बर्मन, करम दास | मकान नं.248/3,पहचान नं.41,मौजा सैदा तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.,बिलासपुर,छत्तीसगढ़-495001. सीमा : पूर्व में - विक्रेता की भूमि, पश्चिम में - सड़क, उत्तर में - विक्रेता की भूमि, दक्षिण में - विक्रेता की भूमि. | 9,12,634 |
| 7. | शिवशंकर माथुर,नीतू माथुर | मकान नं. 41/10 फोन नं. 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.,बिलासपुर,छत्तीसगढ़-495001. सीमाः पूर्व में - निस्तारी रोड, पश्चिम में - विक्रेता की भूमि, उत्तर में - विक्रेता की भूमि, दक्षिण में - विक्रेता की भूमि | 11,83,381 |
| 8. | सुनीता साहू, बृजनंदन प्रसाद | मकान-खं. नं. 392/7, फोन नं. 34, मौजा कुदुदंड, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, बिलासपुर तहसील, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाः पूर्व में - प्रदीप सिहोटे का मकान, पश्चिम में - प्रस्तावित सड़क, उत्तर में - रमेश जायसवाल का मकान, दक्षिण में - किरण सिंह ठाकुर का मकान | 19,31,047 |
| 9. | नरेंद्र यादव, इंदल यादव, चंद्रिका यादव | प्लॉट-खं. सं. 126६2, खं. सं. 126/104, मौजा पत्थरखान, फोन 16६30, क्षेत्रीय कार्यालय, तहसील एवं विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाः पूर्व में सड़क, पश्चिम में विक्रेता का प्लॉट, उत्तर में विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण में रानी पांडे का प्लॉट | 9,37,915 |
| 10. | श्रीकांत सोनी, पूजा सोनी | फ्लैट-केएच नंबर 278, पीएचएन 53, मौजा निरतु, मौजा निरतु,, आर.एन.एम पेंड्री विकास खंड, तेह तखतपुर और जिला। बिलासपुर,बिलासपुर,छत्तीसगढ़-495001. सीमाबद्ध : पूर्व द्वारा - निस्तारी रास्ता, पश्चिम द्वारा - विक्रेता भूखंड, उत्तर द्वारा - विक्रेता भूखंड, दक्षिण द्वारा - विक्रेता भूखंड | 10,89,882 |
| 11. | भुवन यादव, शैल यादव, लच्छीराम यादव | फ्लैट-2318/8,2318/14, मौजा चोरभट्टिकल, मौजा चोरभट्टिकल, पीएचएन 50, आरएनएम गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाबद्ध : पूर्व में - वीरेंद्र कौशिक का प्लॉट, पश्चिम में - निस्तारी रास्ता, उत्तर में - सेलर्स प्लॉट, दक्षिण में - सेलर्स प्लॉट. | 10,96,827 |
| 12. | कमल कुमार यादव,सरिता यादव | मकान-खनो. 2318/8पार्ट, मौजा चोरभट्टिकल, मौजा चोरभट्टिकल, पीएचएन 50, आरएनएम गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाबद्ध : उत्तर में - विक्रेता विश्राम भूमि, दक्षिण में - विक्रेता विश्राम भूमि, पूर्व में - वीरेंद्र कौशिक की भूमि, पश्चिम में - सड़क | 10,90,001 |
| 13. | पूजा वस्त्रकार,जितेंद्र कुमार वस्त्रकार | मकान-ख नं. 278, पीएचएन 30, मौजा निरतु, मौजा निरतु, पीएचएन 53, आर.एन.एम पेंड्री विकास खंड, तह तखतपुर और जिला। बिलासपुर,बिलासपुर,छत्तीसगढ़-495001. सीमाबद्ध : पूर्व द्वारा - अन्य प्लॉट, पश्चिम द्वारा - निस्तारी रास्ता, उत्तर द्वारा - प्रेमलता का प्लॉट, दक्षिण द्वारा - विक्रेता प्लॉट. | 10,52,771 |
| 14. | बाल्मीक द्विवेदी, दुर्गा द्विवेदी | मकान-ख नं. 278, पीएचएन 30, मौजा निरतु, मौजा निरतु, पीएचएन 53, आर.एन.एम पेंड्री विकास खंड, तह तखतपुर और जिला। बिलासपुर,बिलासपुर,छत्तीसगढ़-495001. सीमाबद्ध : पूर्व द्वारा - निस्तारी रास्ता, पश्चिम द्वारा - अन्य प्लॉट, उत्तर द्वारा - प्रेमसिंह के प्लॉट द्वारा, दक्षिण द्वारा - निस्तारी रास्ता द्वारा. | 10,73,977 |
| 15. | प्रकाश भोई, किरण भोई | मकान-मौजा-सैदा, मौजा सैदा खं. नं. 40/37 फोन नं. 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001. सीमाः पूर्व में - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम में - निस्तारी रास्ता, उत्तर में - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण में - विक्रेता का प्लॉट. | 10,33,686 |
| 16. | रामनाथ अनंत, संगीता अनंत, अवध राम अनंत, राजुला बाई सतनामी | फ्लैट-केएच नंबर 126/105, मौजा पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, पीएचएन 30, आरएनएम बिल्हा विकास खंड, तह. बिल्हा और जिला. बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001. सीमाः उत्तर में - विक्रेता की बचत भूमि, दक्षिण में - सड़क, पूर्व में - विक्रेता की बचत भूमि, पश्चिम में - सड़क. | 8,59,627 |
| 17. | ललित कुमार कश्यप, नीमा कश्यप | प्लॉट-68/1[भाग], मौजा मुंगेली, मौजा मुंगेली, पीएचएन 18, टीएएच और जिला-मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495335। सीमाः पूर्व में - सरिता का प्लॉट, पश्चिम में - विक्रेता का प्लॉट, उत्तर में - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण में - विक्रेता का प्लॉट. | 6,36,541 |
| 18. | मिनेश चंद्रा, मीना बाई पटेल | प्लॉट-मौजा सैदा, मौजा सैदा ा क्रमांक 37/62 p-h-n 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर ब.ह.,बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001. सीमाः पूर्व में - 25 फीट निस्तारी रोड, पश्चिम में - बुधिया की जमीन, उत्तर में - विक्रेता की जमीन, दक्षिण में - विक्रेता की जमीन. | 6,13,701 |
| 19. | बलवीर कुमार कुर्रे, प्रीति | फ्लैट-126/105, पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, पीएचएन 30, आर.एन.एम बिल्हा विकास खंड, तह. बिल्हा और जिला. बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001. सीमा : उत्तर में - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण में - सैय्यद सोहेल की भूमि, पूर्व में - सड़क, पश्चिम में - रामकांत की भूमि. | 8,50,667 |
| 20. | रणधीरकुमार हिरवानी, सबिता | मकान-2318/8, मौजा चोरभट्टीकल, मौजा चोरभट्टीकल, पीएचएन 50, आरएनएम गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमा : उत्तर में - सड़क, दक्षिण में - कमल कुमार का द्वीप, पूर्व में - वीरेंद्र कौशिक की भूमि, पश्चिम में - सड़क। | 10,62,831 |
| 21. | दुर्गा प्रसाद केवट, आरती केवट | घर-मौजा चोरभट्टिकल, ख नं.-2302/4, मौजा चोरभट्टिकल, पीएचएन 50, आरएनएम गनियारी, तेह। सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाबद्धः पूर्व में - श्यामलाल का प्लॉट, पश्चिम में - निस्तारी रास्ता, उत्तर में - सेलर्स प्लॉट, दक्षिण में - निस्तारी रास्ता. | 10,59,927 |
| 22. | गीतानंद निषाद, माखन लाल केवट | प्लॉट-मौजा तिलसरा, खं.519/9, मौजा तिलसरा, फोन 09, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बिल्हा, ब्लॉक एवं तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाः पूर्व में खिलावन सूर्यवंशी का प्लॉट, पश्चिम में 20 फीट रास्ता, उत्तर में स्लेजर प्लॉट, दक्षिण में प्रमोद का प्लॉट. | 7,48,386 |
| 23. | रविशंकर कश्यप, दिव्या कश्यप | फ्लैट-मौजा पत्थरखान, खं.-126/59 भाग, मौजा - पत्थरखान पीएच नंबर 30, आरएनएम-बिल्हा बिलासपुर, तहसील -बिल्हा, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.),बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमा : पूर्व में - निस्तारी रास्ता, पश्चिम में - शोमनाथ का प्लॉट, उत्तर में - हसीबुल का प्लॉट, दक्षिण में - विक्रेता का प्लॉट. | 10,08,322 |
| 24. | दुखुराम निषाद, रुखमणी दुखुराम | प्लॉट-मौजा पधरखां, ख. क्रमांक 126/64, पी.एच क्रमांक 16/30, मौजा पधरखान, तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495224। सीमा : पूर्व में - सुनील का प्लॉट, पश्चिम में - मंशी माशी का प्लॉट, उत्तर में - अन्य प्लॉट, दक्षिण में - निस्तारी रास्ता. | 9,35,706 |
| 25. | ओमप्रकाश कौशिक, पिंकी कौशिक | प्लॉट-मौजा पथरखान, ख नं.126/54, मौजा पथरखान, फोन 30, आरएनएम, तहसील और विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमा : उत्तर में - रमाकांत की भूमि, दक्षिण में - विक्रेता की बाकी भूमि, पूर्व में - गणेश और सुनील की भूमि, पश्चिम में - सड़क. | 10,10,993 |
| 26. | दीपक कुमार साहू,राहुल कुमार साहू | मकान-खं.-126/65 भाग, मौजा - पत्थर खां पीएच नंबर 30, आरएनएम-बिल्हा बिलासपुर, तहसील -बिल्हा, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.),बिलासपुर,छ.ग.-495001। सीमा : पूर्व में - निस्तारी रास्ता, पश्चिम में - नाहिद का प्लॉट, उत्तर में - जगदीश पांडे का प्लॉट, दक्षिण में - विक्रेता का प्लॉट. | 9,11,232 |
| 27. | सुशीला गढ़ेवाल, बृजलाल कविलाश | मकान-मौजा सैदा, मौजा सैदा ख नं.37/62 p-h-n 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर ब.ह,बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001. सीमाः पूर्व में - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम में - निस्तारी रास्ता, उत्तर में - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण में - विक्रेता का प्लॉट. | 11,57,515 |
| 28. | कुश कुमार साहू,ममता बाई साहू | प्लॉट - मौजा कोटा, ख. सं. - 957/1, पी.एच. सं. - 5, मौजा - कोटा, तहसील - कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495113। सीमाः पूर्व में - निखिल द्वारा खरीदा गया प्लॉट, पश्चिम में - निस्तारी रास्ता, उत्तर में - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण में - विक्रेता का प्लॉट. | 8,30,059 |
| 29. | भागवत प्रसाद सोनवानी, जलेश्वरी सोनवानी | फ्लैट-मौजा मेंड्रा, मौजा मेंड्रा खं. नं. 701/गा.प.न. 42 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.,बिलासपुर,छ.ग. -495001. सीमा : उत्तर में - विक्रेता शेष भूमि, दक्षिण में - जब्बार की भूमि, पूर्व में - विक्रेता शेष भूमि, पश्चिम में - सड़क. | 9,95,038 |
| 30. | बलराम साहू, माधुरी साहू | फ्लैट-ख. क्रमांक 195/2, मौजा - बन्नाकडीह, पी.एच.एन.42, आरएनएम। सिरगिट्टी, तह. बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (सी.जी.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमा : पूर्व में - लक्ष्मी प्रसाद पनागर की भूमि, पश्चिम में - विक्रेता की भूमि, उत्तर में - निस्तारी रोड, दक्षिण में - रामेश्वरी कुर्रे की भूमि. | 10,13,484 |

आपसे एतद्द्वारा होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड को उक्त बकाया राशि का भुगतान ब्याज और लागत के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर, होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत सभी अथवा किसी एक अथवा अधिक प्रतिभूतियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करेगी जिसमें कर्जदारों, बंधकदाताओं और गारंटरों की प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लिया जाना सम्मिलित है। होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड को उक्त अधिनियम के तहत उपलब्ध शक्तियों में निम्न सम्मिलित हैं (1) कर्जदारों/गारंटरों की प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेना, जिसमें प्रतिभूत आस्तियों के नकदीकरण हेतु उनको लीज, बिक्री हेतु समनुदेशन द्वारा हस्तांतरित करने का अधिकार सम्मिलित है (2) प्रतिभूत आस्ति का प्रबंधन अधिग्रहीत करना, जिसमें उनको लीज, बिक्री हेतु समनुदेशन द्वारा हस्तांतरित करने और प्रतिभूत आस्तियों के नकदीकरण का अधिकार सम्मिलित है और होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड द्वारा किए गए प्रतिभूतियों के हस्तांतरण में हस्तांतरित प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में वे सभी अधिकार निहित होंगे, जो आपके द्वारा किए गए हस्तांतरण में निहित हो सकते थे।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के निबन्धनों में, आपको एतद्द्वारा उपरिसंदर्भित और होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड के पास दृष्टिबंधक/बंधक किसी भी प्रतिभूति आस्ति को बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से (आपके व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया को छोड़कर), होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड की पूरब सहमति के बिना हस्तांतरित करने के संबंध में प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान : बिलासपुर तिथि : 06-09-2025

हस्ताक्षरकर्ता : प्राधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनैंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड

सीबीआईसी के चेयरमैन अग्रवाल ने दी जानकारी

# सरकार सुनिश्चित करेगी, जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले। इसके लिए उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों समेत समूची स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेयरमैन ने कहा, ''सरकार जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को दिलाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए सीबीआईसी, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों समेत सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों और पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है।''

## प्रतिस्पर्धा के कारण लाभ तुरंत मिलेगा

अग्रवाल ने कहा, ''चूंकि बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है, ऐसे में एक कंपनी ग्राहकों को लाभ दे और कोई दूसरी नहीं देती है तो यह बात सामने आ जाएगी। कंपनियों के लिए ऐसा कर पाना मुश्किल है।'' उन्होंने कहा, ''अगर कोई टीवी खरीदता है उसे तुरंत लाभ मिल जाएगा। एमआरपी पर बेचे जाने वाले छोटे सामानों पर हो सकता है कि कंपनियां डीलर के जरिये खुदरा दुकानदारों को छूट दें।''

## कीमतों के रुख पर कड़ी नजर

अग्रवाल ने कहा, ''हम कीमतों के रुख पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि अभी सामानों की क्या कीमत है और जीएसटी में सुधारों के बाद आगे क्या रुझान रहने वाला है। कंपनियों पर भी हमारी नजर होगी।' सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा, ''अगर दर कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं मिलने की शिकायत आती है, हम उसे उद्योग संगठनों के पास ले जाएंगे।

## रोजमर्रा के सामानों पर दरें कम की गई

*अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। तंबाकू और संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामानों पर दरें कम की गयी हैं।*

## दरों को युक्तिसंगत बनाया गया

विवादों के समाधान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''दरों को युक्तिसंगत बनाया गया है। पहले चार दरें होती थी, अब दो हो गयी हैं। एक तरह के सामान को एक ही कर श्रेणी में रखा गया है, जैसे खाने के सामान पर अब पांच प्रतिशत कर लगेंगे।'' पहले एक ही तरह की वस्तुओं पर अलग-अलग दरें होने से कई नोटिस जाते थे। जीएसटी सुधारों से वह समस्या समाप्त होगी।

## सोना 900 रुपए उछलकर रिकॉर्ड स्तर के करीब और चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर रिकॉर्ड स्तर के करीब 1,06,970 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,000 रुपये फिसलकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा 16-17 सितंबर को होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती का विकल्प चुनने की संभावना के बीच तेजी को गति मिल रही है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी शुक्रवार को 900 रुपये बढ़कर 1,06,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जबकि पिछला बंद भाव 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

# जीएसटी दरों में कटौती से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सस्ती : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** सरकार के आवश्यक दवाओं, जीवन रक्षक एवं चिकित्सकीय उपकरणों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती करने के फैसले का चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी। जीएसटी परिषद ने बुधवार को सेवा कर में व्यापक सुधारों के तहत के चार स्लैब को घटाकर केवल दो करने का फैसला किया।

इनमें कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी तथा अति-विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर होगी। इन सुधारों के तहत सभी दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर, पट्टियों जैसी आपूर्तियों पर कर 12 प्रतिशत से कम कर पांच प्रतिशत किया गया है। आरजी हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक अविनाश ओझा ने कहा, '' स्वास्थ्य सेवा के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी में सरकार का हालिया सुधार स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाने को लेकर मजबूत प्रतिबद्धता को बताता है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव। बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा। डेंटल सुविधा भी उपलब्ध.. छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द। 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल। Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल। अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

असली केंदवा मलहम। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें। दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें। हर्बल लेप शिव मस्सानाशक। शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें। 94060-21769

BAP गठियावात, लकवा एवं सभी प्रकार के दर्द में अत्यंत गुणकारी। Since-2000 मारुति® मसाज ओइल झटपट दिलाये आराम। गठियावात एवं हर प्रकार के दर्द निवारक मसाज तेल। गुणधर्म : हाथ, पैर, कमर, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, संधिवात, गठीयावात, साइटिका, लकवा और सभी प्रकार के वेदना। सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध। Customer Care No. - 9425296176

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक। ट्यूबरक्युलोसिस। मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक। • जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम • क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून • एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)। पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007 मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी। क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी। पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये। सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध। पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702

मोतियाबिंद। आयुष्मान कार्ड सुविधा। SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल। छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अहलूवालिया हॉस्पिटल। 8103128515, 0771-4050006। नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर। • कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर। Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION लैब केयर डायग्नोस्टिक्स। Mo.: 9826725383। पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है। 50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*। पताः सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- Aquaguard सर्विस सेन्टर में फील्ड कार्य के लिए 10वीं, 12वीं ग्रेजुएट बाईक वाले लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हर्ष इंटरप्राइजेस, विनोबा नगर बिलासपुर 90390 14222, 8962337374 (38622)

आवश्यकता है- हॉटल में कार्य करने हेतु दो लड़के चाहिए वेतन 5000 से 6000 संपर्क करें हॉटल द ऐनी श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे नेहरू नगर बिलासपुर मो. 70673 10092, 8815664344 (38618)

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट में मीठा नमकीन बनाने हेतु कुक साउथ इंडियन कुक, वेटर सप्लायर, काउंटर सप्लायर चाहिए केवल अनुभवी ही सम्पर्क करे तृप्ति रेस्टोरेन्ट बस स्टॉप के पास महामाया चौक बिलासपुर 9993721402 (38623)

आवश्यकता है- (1) माजदा/आइशर ड्राइवर-2 (2) पिकअप ड्राइवर-2 (3) ऑफिस में काम करने हेतु चार लेबर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रतीक ऑटोमोबाइल, बबल आइलैंड के सामने सिरगिटी रोड बिलासपुर 8827773222 (38621)

आवश्यकता है- कार एवं एक्सेसरीज (आटो पार्ट्स) दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (38619)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु लड़को आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ओम एजेन्सी बाल्मीकि चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर (38606)

**JOB VACANCY**
Personal Assistant to General Manager
We are looking for a Female Personal Assistant (PA) to the General Manager.
**Requirements**
Proficiency in MS Excel (wellversed in data handling & reporting)
Good English communication skills (spoken & written)
Expertise in mail drafting & handling correspondence
Highly organized, proactive, and professional in approach
Location: Bilaspur
**Experience**
Minimum 1 to 2 years preferred
SHIVAM MOTORS PVT.LTD.
Near New Bus Stand Tifra Bilaspur (C.G.)
8120002312
Mail id: ravindra.rawat@shivammotors.co.in

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु लड़के सेल्समैन चाहिये वेतन 5000 से 10000 तक योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हरीरामानी एण्ड सन्स शाप नं.-37 मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 93292 92940, 07752409903 (38620)

आवश्यकता है- (1) सिविल साइट सुपरवाइजर एवं इंजीनियर (autocad structural knowledge साइट चलाने योग्य (2) ऑफिस वर्क, साइट, रजिस्ट्री, राजस्व, डायवर्सन, नामांतरण निगम संबंधी कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर चाहिए सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (38614)

आवश्यकता है- CCTV कैमरा लगाने हेतु अनुभवी युवक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- Rays इलेक्ट्रिकल, होटल अजीत के नीचे, मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9752760266 (38613)

आवश्यकता है- OMI Company में ऑफिस हेतु लड़के लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000, रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021 (38594)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर शोरूम में सेल्स कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता 2वर्ष का अनुभव। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 96919 14123 (बायोडाटा व्हाट्सएप करें) (38602)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य (फाईनेंस कार्य) हेतु Branch Manager, सर्विस मैनेजर, Development Officer, फील्ड ऑफिसर, सर्वेयर, Counselor, Accountant, TeleCaller, Office Boy (Peon) की आवश्यकता है वेतन 10000 से 35000 सम्पर्क करें- A/216, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 6269222001, 9755990933 (38608)

Required- B.R.C.P.H.S. School kunda Kabirdham (C.G.) Requirments for the Post of P.G.T. English, Biology, T.G.T. English, Maths Qualification P.G./Graduate+ B.Ed, dance and singing teacher, Salary 15k-30k Note 2-3Yrs Ex. in English Medium School Contact- 9826773333 (38600)

आवश्यकता है-अम्माजी ट्रेडर्स में कलेक्शन कार्य के लिए लड़के की आवश्यकता है बाइक अनिवार्य सम्पर्क करें- 9699991449 (38566)

आवश्यकता है- कोनी में घरेलू कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 12000 आवास फ्री। सम्पर्क करें- स्किन क्योर क्लीनिक ग्राउंड फ्लोर नारायण प्लाजा लिंक रोड बिलासपुर 95060 60404 (38607)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड चाहिए। रहने की सुविधा उपलब्ध। मिलने का समय 2-8 तक, बीआर ग्वालानी चेम्बर्स केडी कंस्ट्रक्शन ऑफिस नं. F1/F2 सेकेंड फ्लोर इनकम टैक्स ऑफिस रोड व्यापार विहार बिलासपुर 82692 08555 (848)

आवश्यकता है- रियल स्टेट कार्य हेतु न्यूनतम 2वर्ष अनुभवी पढ़े, लिखे युवक की आवश्यकता है जिसे प्रॉपर्टी संबंधित नामांतरण डायवर्सन एवं प्रॉपर्टी संबंधित अन्य कार्य करने का अनुभव हो। सम्पर्क 7974786029 (38603)

आवश्यकता है- सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड एग्जीक्यूटिव, टैलीकॉलिंग (बिलासपुर) एवं सेल्स एग्जीक्यूटिव (1पद मुंगेली) आवश्यकता है। इंटरव्यू सुबह 10:30 से शाम 5.30 सम्पर्क करें- वरूण सुजुकी राजीव गांधी चौक रायपुर रोड बिलासपुर 9174734567 (38599)

Required- Smart salesgirl required in jewellery showroom, experienced preferred. Contact- Chhedilal Motilal Jewellers, Sadar Bazar Bilaspur 98271 81112 (38609)

आवश्यकता है- श्याम इंटरप्राइजेज में कॉपी बनाने एवं अन्य कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10am - 7pm) सम्पर्कः- साइंस कॉलेज सरकंडा 75872 03133 (259)

आवश्यकता है-6वर्ष, 8वर्ष के बच्चों को घर आकर पढ़ाने हेतु फुल टाइम के लिए एक फ्रेशर युवती चाहिए अधिकतम आयु 22वर्ष, शिक्षा 12वीं पास, वेतन 6000 से 10000 सम्पर्क करें-7587258374 (38575)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में काम करने हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीराम ट्रेडर्स, मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा, बिलासपुर बायोडाटा व्हाट्सएप करें 9425219248, 90397 76336 (38597)

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में कार्य करने के लिए अनुभवी सेल्समैन युवक, सेल्सगर्ल युवती एवं एक कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मंगलम ज्वेलर्स सदर बाजार बिलासपुर (38592)

आवश्यकता है- शादी घर में देखरेख, साफ, सफाई कार्य के लिए नशामुक्त, ईमानदार, मेहनती, शिक्षित अनुभवी व्यक्ति चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। परिवार सहित रहन की सुविधा। सम्पर्क करें- 7999043732, 70007 99879, 9993450848, 9752777077 (38598)

**भर्ती सूचना**
**SOLAR PROJECTS**
हमारी कंपनी को रायगढ़ (छत्तीसगढ़) निम्न पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है:
- Solar / Electrical Engineer (B.Tech / B.E – Electrical) अनुभव: 2 से 5 वर्ष
- Electrical Engineer (Diploma – Electrical) अनुभव: 1 से 2 वर्ष
- Electrical Technician (ITI या समकक्ष) अनुभव: फ्रेशर या 1 से 2 वर्ष

इच्छुक उम्मीदवार अपना Resume तुरंत भेजें।
Jetsor Power Systems Pvt. Ltd.
Email : lakshay@jetsor.in
Mobile : 9811800067

आवश्यकता है- ऑफिस सामान्य कार्य हेतु युवती वेतन 8000, हिन्दी टाइपिंग, कम्प्यूटर जानकार युवती/युवक वेतन 10000, कार ड्राइवर 12000 समय- सुबह 9.30 से 8 तक पता- JBS होम कंस्ट्रक्शन हेमू नगर मुर्राभटठा मेन रोड तोरवा 9300000194, 93000 00195 (38593)

आवश्यकता है-लॉज में झाड़ू पोछा एवं वेटर काम करने जरूरतमन्द कर्मचारी की तत्काल आवश्यकता है वेतन 10000 ग्रामीणों को भोजन आवास निःशुल्क सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (38587)

आवश्यकता है- होलसेल दवा दुकान में कम्प्यूटर आपरेटर, फिल्ड में काम करने हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन अनुभव एवं योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शारदा मेडिकल एजेन्सी 35-36 मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38595)

आवश्यकता है- बिलासपुर के प्रतिष्ठित संस्थानों हेतु भारी मात्रा में सुरक्षागार्ड, हाउस कीपिंग स्टाफ, मेस कुक, ड्राइवर हेल्पर चाहिए पता- अनुराज ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज एक्सिस बैंक के ऊपर तिफरा बिलासपुर 9981614171, 9329308515 (38596)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457 (1137)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु 18से 30 वर्ष की युवतियाँ एवं महिलाएँ सैलरी 6000 +कमिशन एवं बोनस की सुविधा उपलब्ध स्थानः- रामा मॅग्नेटो मॉल के पास विद्यानगर इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क 9450676323 (255)

आवश्यकता है- टेली कॉलिंग हेतु युवतियों व महिलाओं की आवश्यकता है, योग्यता आठवीं, दसवीं से ग्रेजुएशन, वेतन 4,000 से 5000/- +कमीशन (अनुभवी को प्राथमिकता) संपर्क करें:- गुरुनानक चौक तोरवा बिलासपुर 8962220383 (260)

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिलानुसार लड़के-लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 27500+ 56500 पढ़ाई 8-वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा- 7054311719 (1136)

आवश्यकता है-इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30वर्ष, 10वी, 12वी, ग्रेजुएट लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 7611101133 (412)

## बेचना

**ROYAL RESALE PROPERTY**
(मोपका क्षेत्र में सरकारी रेट में प्लॉट उपलब्ध हैं)
नामान्तरण, डायवर्सन, रजिस्ट्री ऑन लाइन,ऑफ लाइन
मकान इन्दिरा कॉलोनी शीघ्र बिक्री हेतु
(सरकारी रेट में उपलब्ध हैं)
सम्पर्क करें सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे
6260024177, 8506867291
9907423136

बेचना है- हेमू नगर नारायणी टावर के पीछे गणपति चौक के पास नया मकान 3BHK, डुप्लेक्स 3बाथरूम, 2हॉल, किचन पूजा रूम 3कमरा, कार पार्किंग सुविधा। मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 90982 51177, 9144446663 (38616)

बेचना है- बिलासपुर सकरी में 25×57 एवं 25×56 वर्गफुट के दो कमर्शियल प्लॉट कानन पेंडारी से लगे हुए हैं अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 97530 61397 (38610)

## फायनेंस

फायनेंस- जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्कः- 9289384524 (258)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV. AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस -रसायन में ही हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

**CLASSIFIED RATE CARD** — 01 अप्रैल 2025 से लागू — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| Edition | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# महिला एशिया कप हॉकी : भारत का शानदार आगाज, थाईलैंड को दी 11-0 से करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि ब्यूटी ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे।

## भारत को मिले नौ पेनल्टी कॉर्नर, पांच को गोल में बदला



### भारत ने शुरू से बनाया दबदबा

वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत को कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से पांच को उसने गोल में बदला। दूसरी तरफ थाईलैंड एक भी पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाया। भारत ने शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले क्वार्टर में मुमताज और संगीता के दो फील्ड गोल किए।



### दूसरे क्वार्टर में दिखाए हमलावर तेवर

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अधिक हमलावर तेवर दिखाए और तीन गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर दी। अनुभवी फारवर्ड नवनीत और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दूसरे हाफ में भी यही स्थिति रही और भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले जारी रखे। भारत को तीसरे क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से डुंग डुंग ने 45वें मिनट में एक को गोल में बदला। भारत ने आखिरी क्वार्टर में पांच गोल करके अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### भारत और जापान का मुकाबला आज

इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है। यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

## खबर संक्षेप



### फाइनल में पाकिस्तान ने यूएई को 9 रन से हराया

**शारजाह।** फखर जमां के अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 9 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 31 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फखर जमां ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एशिया कप के पहले फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, जो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का 15 मैचों के बाद पहला टी-20 अर्धशतक है। उनकी इस शानदार पारी की मदद से पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 171 रन बनाए। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे अहमद ने इसके बाद यूएई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपनी कैरम बॉल और गुगली से परेशान किया और उसे सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

### उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने किया क्वालीफाई


**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



अर्जेंटीना, ब्राजील और इक्वाडोर दक्षिण अमेरिका से पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। उरुग्वे ने पेरू को हराया जबकि कोलंबिया ने बोलिविया को मात दी। कोलंबिया की टीम 2022 में कतर में हुए विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी। अर्जेंटीना की टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में शीर्ष पर है, जिसने वेनेजुएला को 3-0 से हराया। इस जीत में लियोनेल मेस्सी ने दो गोल दागे। ब्राजील ने चिली को 3-0 से हराया और वह दूसरे स्थान पर है।

### स्टार भारतीय डिफेंडर झिंगन की हुई सर्जरी

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय डिफेंडर संदेश झिंगन की गाल की हड्डी में फ्रैक्चर की सर्जरी सफल रही है। इंडियन सुपर लीग की उनकी टीम एफसी गोवा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह ताजिकिस्तान में सीएएफए नेशंस कप में खेलते समय चोटिल हो गए थे।



झिंगन को एक सितंबर को ताजिकिस्तान के हिसोर में ईरान के खिलाफ भारत के ग्रुप मैच के दौरान चोट लगी थी। भारत वह मैच 0-3 से हार गया था और झिंगन स्वदेश लौट आए थे। एफसी गोवा के सीईओ रवि पुस्कुर ने बताया, 'हां, उनकी सर्जरी हुई।' सर्जरी के कारण इस 32 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी का अगले महीने भारत के दो महत्वपूर्ण एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों में खेलना संदिग्ध हो गया है, जो 9 अक्टूबर को सिंगापुर में और 14 अक्टूबर को मडगांव में खेले जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने कहा, 'झिंगन गोवा में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में हैं और उनकी रिकवरी पर करीबी निगाह रखी जा रही है।

## खिताबी मुकाबला आज, एरिना और अमांडा का होगा सामना

# डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका का दमदार प्रदर्शन जीत के बाद फेंका रैकेट, चीखी और फैलाई बाहें




### अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब से एक जीत दूर एरिना

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रही। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी।

### इमोशनल हुई एरिना कहा- मैच जल्दी समाप्त हो

सबालेंका ने बाद में कहा, 'मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, 'हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।' शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, 'मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी।'

### अमांडा ने सेमीफाइनल में ओसाका को हराया



अमांडा अनिसिमोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने दो घंटे 56 मिनट तक चले मैच में 6-7 (4), 7-6 (3),6-3 से जीत दर्ज करके दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अनिसिमोवा ने मैच के बाद कहा, 'यह बेहद कड़ा मुकाबला था और मुझे यकीन नहीं था कि मैं फिनिश लाइन पार कर पाऊंगी लेकिन मैंने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं यह जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।' जब मैच खत्म हुआ तो अनिसिमोवा चिल्लाई, 'चलो आगे बढ़े।' इसके बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटने टेककर और आगे की ओर झुककर इस पल का आनंद लिया। शनिवार को खिताब के लिए उनका सामना गत चैंपियन और मौजूदा नंबर एक एरिना सबालेंका से होगा। अनिसिमोवा ने हालांकि अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक को दो सेटों में हराकर उसका बदला चुकता कर दिया था।



### हार के बाद भी मालामाल हुए युकी भांबरी

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। युकी और माइकल को यूएस ओपन पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक बेहतरीन सफर के लिए 2,50,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 2.20 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। हार के बाद भांबरी ने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है।' पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है। इससे उनकी रैंकिंग में भी काफी सुधार होगा।

### टेलर ने बदला संन्यास फैसला अब समोआ के लिए खेलेंगे

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिए टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरु रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरुण नेथुला ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिए लने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे।



## महिला विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, सोफी की एक साल बाद वापसी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की अगुवाई में महिला वनडे विश्व कप के लिए शुक्रवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने चोट से उबरने के बाद वापसी की। सात बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन भी है और आगामी प्रतियोगिता में भी वह अपना दबदबा कायम रखना चाहेगा, जो 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। विक्टोरिया की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण जनवरी से ही बाहर थी।

**30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट**



### डार्सी और जॉर्जिया टीम में शामिल

वह हालांकि 14 से 20 सितंबर तक भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएगी। डार्सी ब्राउन (क्वाड) और जॉर्जिया वेयरहैम (ग्रोइन) भी अपनी हाल की चोटों से उबरकर टीम में वापसी करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया की टीम में 10 ऐसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो 2022 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट का भी हिस्सा थी। इस टीम में एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड, ताहलिया मैकग्रा और एशले गार्डनर जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। आस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 2-0 से हराया

### 27 साल बाद जीती सीरीज



एजेंसी ▶▶| लंदन

दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्जके की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्जके वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रिस्टन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी।

■ मैट ब्रीट्जके ने खेली 85 रन की रिकॉर्ड पारी

### रूट , बैथेल और बटलर ने लगाए अर्धशतक

इंग्लैंड की तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था, लेकिन इसके दो दिन बाद उसने बेहतर प्रदर्शन किया। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे। तीसरा वनडे रविवार को साउथेम्प्टन में खेला जाएगा।

## तीन साल में 400 करोड़ की कमाई का अनुमान, 16 सितंबर से होगी बोली

# बीसीसीआई ने बढ़ाई जर्सी स्पॉन्सरशिप की कीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप के लिए नए सिरे से मूल्यांकन तय किया है। यह नया बेस प्राइस पूर्व प्रायोजक ड्रीम 11 की ओर से दी जा रही रकम से अधिक है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मैचों के लिए नया रिजर्व प्राइस 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट (आईसीसी और एसीसी प्रतियोगिताओं) के लिए 1.5 करोड़ रुपए रखा है।

### बोली 16 सितंबर को

इस बोली प्रक्रिया की तारीख 16 सितंबर तय की गई है। इसका मतलब है कि एशिया कप (9 सितंबर से शुरू) से पहले नया स्पॉन्सर जुड़ना संभव नहीं होगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि किसी अंतरिम व्यवस्था की संभावना बेहद कम है।




### 130 मैच खेले जाने का अनुमान

बीसीसीआई अगले तीन साल के लिए स्पॉन्सरशिप तलाश रहा है। इस दौरान लगभग 130 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने का अनुमान है, जिनमें 2026 का टी20 वर्ल्ड कप और 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भी शामिल हैं। नए बेस प्राइस के आधार पर बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हो सकती है।

### द्विपक्षीयमें 10 और बहुपक्षीय मैचों में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

मौजूदा समय में द्विपक्षीय मुकाबलों का मूल्य 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों का 1.12 करोड़ रुपए है। यानी बीसीसीआई ने नई दरों के साथ द्विपक्षीय मुकाबलों में लगभग 10 प्रतिशत और बहुपक्षीय मैचों में लगभग 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। सूत्रों के अनुसार, द्विपक्षीय मैचों में प्रायोजकों को अधिक दृश्यता मिलती है, क्योंकि ब्रांड का नाम खिलाड़ियों की जर्सी के सामने (सीने) पर प्रमुखता से दिखता है। आईसीसी और एसीसी आयोजनों के दौरान ब्रांड का उल्लेख केवल बाजू (स्लीव्स) तक सीमित रहता है, जिससे वहां दृश्यता अपेक्षाकृत कम हो जाती है।

### गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स नहीं लगा पाएंगे बोली

*बीसीसीआई ने 2 सितंबर को भारतीय टीम के लीड स्पॉन्सर राइट्स के लिए अभिरुचि पत्र जारी किया। इसमें साफ कहा गया है कि गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स बोली नहीं लगा सकेंगे। इसके अलावा स्पोर्ट्सवियर, बैंकिंग, वित्तीय कंपनियां, शीतल पेय, घरेलू उपकरण (फैन, मिक्सर-ग्राइंडर, लॉक्स) और बीमा कंपनियां भी प्रतिबंधित रहेंगी, क्योंकि ये मौजूदा प्रायोजकों से टकरा सकते हैं। बता दें, ड्रीम 11 के बाहर होने के बाद नए स्पॉन्सर की जरूरत पड़ी। हाल ही में केंद्र सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेग्युलेशन) अधिनियम, 2025 लागू किया है, जिसके तहत असली पैसे वाले ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के संचालन पर रोक लगा दी गई है। इसी कानून के प्रभाव में ड्रीम11 ने अपना करार समाप्त किया।*

ITSA
HOSPITALS

MULTI- SPECIALITY SERVICES

Critical care & Trauma
General Medicine
Cardiology / CTVS
Neurology
Nephrology
Urology
Gastroenterology / Laparoscopic Surgery
Orthopedics
Arthroscopic and Joint Replacement
Ear, Nose and Throat (ENT)
Dental
Ophthalmology

PEDIATRICS SERVICES
90 NICU BEDS | 30 PICU BEDS

Neonatology
NICU
PICU
Pediatric Superspecialities
Vaccination
Emergency and Trauma Care

WELLNESS & REHABILITATION SERVICES

Comprehensive Physiotherapy
Rehabilitation
Child Development Centre
Garbhsanskar
Complete Full Body Checkups

Reach us at:

AMBULANCE

24x7 ACLS Ambulance Services
+91 7880 150000

Near Ambuja City Center Mall, Saddu, Raipur, Chhattisgarh 492014
+91 7880110000, +91 7880120000
www.itsahospitals.com

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com